टेक्सटाइल वर्ल्ड presents Uni World 3.0
UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO 08-09 JAN 2024
Bengaluru
For Booking Enquiry
+91 8003596092
+91 8005660394

22 सितम्बर से 6 अक्टूबर, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
25 Years
SILVER JUBILEE CELEBRATION




The Art & Fashion Legacy of Europe

LINEN MONARCH®

FABRICS THAT BREATHE !

**E-mail:** sales@karnimills.com **Website:** www.karnimills.com

# टेक्सटाइल उद्योग के लिए अच्छे संकेत

## अगस्त में टेक्सटाइल निर्यात में वृद्धि

### कुल निर्यात में बढ़ा सेक्टर का योगदान लेकिन रेडीमेड गारमेण्ट में नहीं थमी गिरावट

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

**देश में टेक्सटाइल उद्योग के लिए अच्छा संकेत है कि टेक्सटाइल के निर्यात में चालू वित्त वर्ष अप्रैल से ही गिरावट का दौर न केवल थमा बल्कि वाणिज्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अगस्त में टेक्सटाइल आईटमों का निर्यात 13.98 प्रतिशत से बढ़कर 1,818.62 मिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष इसी माह में देश से 1,595.50 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया था। बहरहाल, अगस्त में रेडीमेड गारमेण्ट का निर्यात गत वर्ष की तुलना में 8.15 प्रतिशत गिर कर 1,133.35 मिलियन डॉलर का रहा। प्राप्त आँकड़ों के अनुसार अगस्त में टेक्सटाइल के निर्यात में 13.98 प्रतिशत की बढ़ोतरी टेक्सटाइल और गारमेण्ट का कुल निर्यात गत वर्ष की तुलना में 4.33 प्रतिशत से बढ़कर 2,951.97 मिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष अगस्त में निर्यात 2,829.35 मिलियन डॉलर का हुआ था।**

**सूत्रों का कहना है कि चीन, बांग्लादेश आदि से कॉटन यार्न की माँग होने से निर्यात में अत्यधिक वृद्धि हुई। प्राप्त आँकड़ों के अनुसार अगस्त से देश में कॉटन यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स, हैंडलूम आदि उत्पादों का निर्यात 26 प्रतिशत से बढ़कर 1,133.67 मिलियन डॉलर हो गया। कार्पेट निर्यात में 117.96 मिलियन डॉलर पर 13.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन जूट फ्लोर कवरिंग के निर्यात में 23.17 प्रतिशत की कमी आई। मैन मेड यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स आदि के निर्यात में भी 412.20 मिलियन डॉलर पर 1.82 प्रतिशत की कमी आई।**

#### अप्रैल-अगस्त

प्राप्त आँकड़ों के अनुसार अप्रैल में टेक्सटाइल और गारमेण्ट के निर्यात में सुधार के बावजूद चालू वित्त वर्ष के पहले 5 माह से देश के निर्यात में 10.51 प्रतिशत की कमी हुई और कुल निर्यात 14,197.89 मिलियन डॉलर का हुआ जबकि गत वर्ष इसी अवधि में निर्यात 15,866.07 मिलियन डॉलर का हुआ था।

#### चालू वित्त वर्ष अप्रैल

अगस्त के दौरान कॉटन यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स, हैंडलूम आदि उत्पादों का निर्यात 2.26 प्रतिशत से घट कर 4,881.92 मिलियन डॉलर का हो गया, जबकि गत वर्ष में यह राशि 4,994.57 मिलियन डॉलर था। मैन मेड यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स आदि के निर्यात में अप्रैल-अगस्त के दौरान 1,963.62 मिलियन डॉलर पर 10.09 प्रतिशत की कमी आई। गत वर्ष में निर्यात 2,183.96 मिलियन डॉलर का हुआ था। फ्लोर कवरिंग सहित जूट उत्पादों का निर्यात 26.28 प्रतिशत घट कर 156.26 मिलियन डॉलर का रह गया, जबकि कॉर्पेट का निर्यात 8.03 प्रतिशत कम होकर 555.55 मिलियन डॉलर का रह गया। अप्रैल-अगस्त के दौरान रेडीमेड गारमेण्ट का कुल निर्यात 15.98 प्रतिशत घट कर 5,969.94 मिलियन डॉलर का रह गया, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में निर्यात 7,105.65 मिलियन डॉलर का हुआ था।

#### योगदान बढ़ा

कॉ-फैडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के अनुसार अगस्त में देश के कुल निर्यात में टेक्सटाइल और गारमेण्ट का योगदान सुधार के साथ 8.56 प्रतिशत हो गया, जो गत वर्ष अगस्त में 7.64 प्रतिशत था।

इसे मिलाकर अप्रैल-अगस्त में टेक्सटाइल और गारमेण्ट सेक्टर का कुल निर्यात में योगदान 8.21 प्रतिशत रहा, जो गत वर्ष की तुलना में -8.08 प्रतिशत से मामूली अधिक है। उल्लेखनीय है कि काफी समय से टेक्सटाइल और गारमेण्ट का योगदान कुल निर्यात में कम रहा।

सूत्रों का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन अमेरिका जैसे आदि देशों में मँहगाई की वृद्धि दर में स्थिरता या कमी आना भारत के टेक्सटाइल और गारमेण्ट निर्यात सेक्टर के लिए एक अच्छा संकेत है। टेक्सटाइल और गारमेण्ट सैक्टर के सूत्रों का कहना है कि, आगामी माह से निर्यात में सुधार है।

#### आयात भी कम

प्राप्त आँकड़ों के अनुसार अगस्त में रॉ कॉटन और वेस्ट का आयात केवल 74.9 मिलियन डॉलर का रहा, जो गत वर्ष की राशि 295.64 मिलियन डॉलर की तुलना से लगभग 75 प्रतिशत कम है। अप्रैल-अगस्त में कुल आयात 52.61 प्रतिशत गिरकर 362.09 मिलियन डॉलर का रह गया। टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक, मेड-अप्स आदि के आयात में कमी आई। इस वर्ष अगस्त में 18.38 प्रतिशत घट कर 216.02 मिलियन डॉलर का हुआ। चालू वित्त वर्ष के पहले 5 माह में टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक, मेड-अप्स आदि का आयात 21.70 प्रतिशत घट कर 935.75 मिलियन डॉलर रह गया। सूत्रों का कहना है कि विश्व बाजार में भाव अधिक होने तथा देश में नई फसल की आवक को देखते हुए आगामी दिनों में आयात कम होने की संभावना है।

S.Kumars
The Fabric of India
Since 1948

TRADE MARK CAUTION NOTICE

We, S.KUMAR ENTERPRISES (SYNFABS) PRIVATE LIMITED, a company incorporated under the Companies Act 1956, having its registered office at Niranjan 99, Marine Drive, Mumbai 400002, CIN: U99999MH1968PTC013974, are the registered proprietors of the trademarks more particularly setout hereinbelow as also copyright therein.

| APPLICATION NO. | TRADE MARK | CLASS |
|---|---|---|
| 242035 | MEDAL-"SK" With device of Ribbon | 24 |
| 302302 | 'S.KUMARS' | 24 |
| 676112 | 'S.KUMARS' | 24 |
| 676113 | MEDAL-"SK" With device of Ribbon | 24 |
| **APPLICATION NO.** | **COPYRIGHT** | **CLASS** |
| A-57751/99 | 'S.KUMARS' | Artistic |
| A-57752/99 | MEDAL-"SK" With device of Ribbon | Artistic |

We are an eminent entity engaged in manufacturing and marketing a wide range of textile fabric products. Being the registered proprietor of the aforesaid trademarks/copyright, only we have the exclusive common law rights and statutory rights to use the said trademarks and copyrights in relation to the abovementioned goods and to obtain relief in respect of infringement of the aforesaid trademarks/copyrights under relevant sections of the Trademarks Act, 1999 & Copyright Act 1957. The members of trade and public are hereby cautioned and notified against any unscrupulous, fraudulent and unauthorized manufacturers and traders that may misrepresent or pass off their goods under the aforementioned trademarks and copyrights, any other marks deceptively similar to our registered trademarks and copyrights. Therefore, the public is hereby cautioned against purchasing goods from any such individuals/entities. We alone are entitled to use the aforesaid trademarks and copyrights or to authorize others to use them pursuant to a licensing agreement to such effect. Notice is given to Whomsoever It May Concern that any use of the aforesaid trademarks and copyrights, including those that are deceptively similar thereto, by any person(s) not duly authorized by us, will amount to violation of our statutory as well as common law rights. The public is specifically notified that at present only the following entities ("Authorized Entities") are authorized by us to legally use our abovementioned trademarks and copyrights:

1. Dhvani Terefabs Exports Private Limited. 2. S Kumar & Company (Trades) Private Limited. 3. Manors Textiles Private Limited.

Other than the abovementioned Authorized Entities, no other person, firm, company or entity of any nature is permitted or authorized to use our trademarks and copyrights in any manner whatsoever.

In the event of unauthorized use, infringement or violation of our exclusive rights over the aforesaid trademarks and copyrights, we will be forced to initiate appropriate legal action, including civil and criminal proceedings. **The members of the trade and public in general especially textile units/traders are also advised not to be attracted or lured by any email communications, advertisements or solicitation made by any unauthorized entities or persons.** We will take strict legal action against such entities and thwart their attempts to mislead the public at large.

Signed on this 16th day of September, 2023 and published on this 19th day of September, 2023

For S. KUMAR ENTERPRISES (SYNFABS) PRIVATE LIMITED
Niranjan 99, Marine Drive, Mumbai 400002

Sd/-
SHAMBHUKUMAR S. KASLIWAL
Chairman







पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 24-09-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-26 अंक-07 भीलवाड़ा/ 22 सितम्बर, 2023 कुल पृष्ठ- 22+24= 46 मूल्य : 25 रुपए
































# कॉटन यार्न स्थिर होने से कपड़ा उत्पादन में सुधार

**मुंबई/ रमाशकर पाण्डेय**


गारमेण्ट की स्थानीय माँग में हल्का सुधार हुआ है। रिटेल में ग्राहकी निकलनी शुरू हो गई है। तथा कपड़ा एवं गारमेण्ट में जैसी ग्राहकी होनी चाहिए, वैसी नहीं हो रही है। कॉटन कपड़ों की माँग थोड़ी बढ़ी है। गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन अभी कम हो रहा है। इसका प्रमुख कारण पहले का स्टॉक अधिक होना है। गारमेण्ट का निर्यात थोड़ा बढ़ा है। लेकिन इकाइयों के पास भरपूर ऑर्डर नहीं है। अधिक खर्च के कारण भारतीय उत्पादों की कीमत




अधिक बैठ रही है। जून तिमाही में रेडीमेड गारमेण्ट का निर्यात वार्षिक स्तर पर 18 प्रतिशत से घटकर 3.69 अरब डॉलर हुई थी। उत्पादन खर्च अधिक होने से विदेशी बाजारों में उत्पाद में प्रतिस्पर्धा नहीं है।

ऑफ सीजन की अधिकृत सेल पूरी हो जाने और त्योहारी सीजन के शुरू हो जाने से गारमेण्ट में थोड़ी हलचल है। उम्मीद की जा रही है कि 19 सितम्बर को गणेशोत्सव है और इसके बाद दुर्गापूजा, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहार पर बिक्री अच्छी होने से कपड़ों के साथ गारमेण्ट में कारोबार अच्छा होगा। कारण है कि इन त्योहारों के साथ वैवाहिक सीजन की शुरूआत हो जाती है। इसलिए रिटेलरों ने गारमेण्ट का पुराना स्टॉक अधिक होने पर भी नया स्टॉक करना शुरू कर दिया है। बदलते ट्रेंड के साथ गारमेण्ट में हल्के कपड़ों का उपयोग कम हो रहा है, ऐसे कपडे सस्ते होते है और लोगों द्वारा अधिक खरीदे जाते है, पर पर्यावरण अनुकूल नहीं है। गारमेण्ट में फैशन हमेशा से हॉबी रहा है। इसमें नवीन फैशन को लेकर नये-नये प्रयोग होते रहे है।

शेषांश पृष्ठ 8 पर...



टेक्निकल टेक्सटाइल में है काफी सम्भावनाएँ

# लघु उद्योग भारती के फेयर में टेक्सटाइल मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स एवं यार्न सेक्टर में लेटेस्ट तकनीक का बेहतर प्रदर्शन

**भीलवाड़ा/ कमलेश व्यास...** देश के सूटिंग मेनचेस्टर में तीन दिवसीय इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का आयोजन शानदार रूप से संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि दिनांक 15,16 एवं 17 सितंबर को पुर रोड स्थित रीको एरिया में इस आठवें फेयर के आयोजन में तकरीबन 120 स्टॉल द्वारा फैब्रिक, यार्न, टेक्सटाइल मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स, एसेसरीज, माइनिंग, गारमेंट्स, टेक्सटाइल पैकिंग उत्पाद एंड टेक्निकल टेक्सटाइल के कई उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान स्थानीय एवं देश के कई शहरों से विजिटर्स ने शिरकत की।

**टेक्निकल नवाचारों का हुआ प्रदर्शन-** वर्तमान में अधिकांश एयरजेट लूमें जापान की है जिनकी कीमत 35 से 40 लाख रुपए है। इसी तरह चीन निर्मित एयर जेट मशीन की कीमत 18 से 20 लाख रुपए है, स्पीड लगभग एक समान है लेकिन जापान से अपेक्षाकृत सस्ती है, इसकी स्पीड 775 से 950 राउंड प्रति मिनट (आरपीएम) है। इसमें बिजली की खपत भी कम होती है। भीलवाड़ा में फिलहाल 8 से 9 हजार आरपीएम वाली यार्न विस्टिंग मशीन आई है। जिसकी स्पीड 12 हजार स्पिंडल में प्रति स्पिण्डल 3 से 8 हजार रूपये की है, जो डबलिंग एवं मिक्सिंग के काम आती है।

**स्टीम रिकवरी यूनिट-** प्रोसेस हाउसों में कपड़ा प्रोसेसिंग के दौरान भाप को पानी में बदलकर पानी को रियूज किया जाता है जिसमें पानी एवं बिजली की खपत कम होती है तथा इको फ्रेंडली भी है जिसकी कीमत 4 से 10 लाख रुपए है।

**इंफ्रो कलर डाइंग मशीन-** इसमें डाइंग का स्टिक रोड तैयार होता है। मशीन में अलग-अलग बीकर में रंग और कपड़े के टुकड़े डाले जाते हैं। डाई के बाद कलर कोड और मोटाई की डिटेल कंप्यूटर में सेव रहती है। बाद में इस तरह से अन्य कपड़ों की डाइंग करनी हो तो समान रंग और मोटाई की जानकारी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे कपड़ा खराब नहीं होता।

**डिजिटल प्रिंटिंग मशीन-** इस डिजिटल प्रिंटिंग मशीन से 72 इंच की चौड़ाई तक के कपड़े पर कुछ भी डिजिटल प्रिंट किया जा सकता है। 1 मीटर से लेकर 10 हजार मीटर कपड़ा एक साथ प्रिंट कर सकते हैं। हालांकि अभी एक भी मशीन यहां पर उद्यमियों के पास नहीं है।

**रेडीमेड गारमेंट स्टिचिंग मशीन-** यहां पर कई लेटेस्ट तकनीकी मशीनों का डिस्प्ले किया गया। भीलवाड़ा में भी बन रही है। जिनकी लागत 50 प्रतिशत तक कम है, जबकि एक समय चीन से आयात करना पड़ रहा था और लागत अधिक थी। गारमेंट मशीन की स्पीड अच्छी है और एक ही मशीन पर सिलाई के अलग-अलग काम हो सकते हैं।

**सेल्वेज नेम राइटर मशीन-** भीलवाड़ा निर्मित यह मशीन कपड़े पर सेल्वेज ब्राण्डनेम लिखने के काम आती है। यह भी पहले चीन से आयात की जाती थी, जो यहाँ से अधिक लागत में इंपोर्ट करना पड़ रहा था।

**प्रोसेस हाउस कैलेंडर मशीन-** फैब्रिक प्रक्रिया के आखिर में वैक्स फिनिशिंग में काम आती है। इससे कपड़े की फील, फिनिश एवं सॉफ्टनेस बेहतर होती है।

**टेक्निकल टेक्सटाइल पर सेमिनार आयोजित-** इस दौरान इस विषय पर अलग-अलग वक्त ाओं ने अपने विचार रखें। इस दौरान मनीष त्यागी एवं लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल ने अपने विचार रखे और बताया कि भीलवाड़ा पीवी सूटिंग एवं यार्न उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है लेकिन अब भीलवाड़ा मंडी को टेक्निकल टेक्सटाइल की ओर भी प्रवेश करना चाहिए क्योंकि तकनीकी वस्त्र या टेक्निकल टेक्सटाइल फंक्शनलिटी वाले इंजीनियर्स उत्पाद है। इन्हें प्राकृतिक के साथ मैनमेड फाइबर जैसे नोमैक्स, केवलर, स्पेण्डेक्स एवं टुवरोन का उपयोग कर बनाया जाता है। गौरतलब है कि टेक्निकल टेक्सटाइल का प्रयोग सामान्य और पारम्परिक कपड़ा उद्योग में न होकर स्पेशल सेक्टर जैसे स्वास्थ्य (मेडिकल सेक्टर) सेवा निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस, स्पोर्ट्स, डिफेंस एवं कृषि इत्यादि में होता है। हालांकि इस सेक्टर को 12 सेगमेंट में बांटा गया है। केन्द्र सरकार इस क्षेत्र के लिए अधिक स्टार्टअप्स लाने का प्रयास कर रही है और श्री मुनीष त्यागी ने कहा कि इसमें 50 लाख तक के अनुदान का भी प्रावधान है।


मनोमय टेक्स इण्डिया लिमिटेड (डेनिम)

**लघु उद्योग भारती के मेले का समापन-** तीन दिवसीय इस आयोजन का समापन दिनांक 17 सितंबर को पूर्ण हुआ जिसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत लाइव जुड़े। इस दौरान लघु उद्योग भारती की नई कार्यकारिणी का विघटन हुआ। वेदर रिस्पोंस के चलते सभी एक्जीबिटर्स ने पुनः भीलवाड़ा में फेयर करने का वादा किया। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने केंद्र सरकार की उद्योग संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा ने बताया कि लघु उद्योग भारती द्वारा उद्योग की वाटर ऑडिट भी की जाती है। लघु उद्योग भारती द्वारा विदेश से आयात कम करके उत्पादन बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण एवं श्रमिकों को उद्योगों के साथ पारिवारिक माहौल उपलब्ध कराने जैसे कार्य कर रहे हैं। एसबीआई के पदाधिकारी श्री अविनाश पटौदी ने बैंक और उद्योगों को पूरक बताया। सांसद श्री सुभाष बाहेड़िया ने कहा कि इस स्तर का फेयर मेट्रो सिटी में नहीं लगा सकती। राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि भारत में 2000 काउंट्स का धागा बनता था जो आज के इस मशीनरी युग में भी संभव नहीं है। अतः पुनर् भारत समृद्ध हो इसके लिए रोड मैप पर काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम ने भी शिरकत की। प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालर ने कहा कि अभी तक जो उद्योग मेले लगाए उनमें यह पहला फेयर टेक्सटाइल को केंद्र में रखते हुए लगाया गया। इस दौरान महिला इकाई अध्यक्ष पल्लवी लढा जी भी मंच पर उपस्थित रही।

**डाई फेब-** भीलवाड़ा से टेक्सटाइल मशीनरी सेक्टर में मैन्यूफैक्चरर कंपनी डाईफैब ने भी पार्टिसिपेट किया है। कंपनी के डायरेक्टर श्री महावीर सिंह राठौड़ ने इस आयोजन को भीलवाड़ा वस्त्र उद्योग के लिए लाभप्रद बताया और कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजन होने चाहिए। कंपनी द्वारा अपनी स्टॉल पर आए विजिटर्स को प्रोसेस इंडस्ट्री के लिए उपयोगी DeCatising Machine, P/C Dyeing, Jigger, Fabric jet, Dyeing Machine इत्यादि को प्रदर्शन माध्यम से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि उनके द्वारा निर्मित उत्पाद भीलवाड़ा के अलावा पाली, बालोतरा, अहमदाबाद, सप्लाई हो रहे हैं एवं इस फेयर से भी नेटवर्क और बेहतर हुआ है।

**Nb Mercantile Company Pvt. Ltd.** कोटा द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर के लिए लुब्रिकेंट वाटर, ट्रीटमेंट, केमिकल, कंप्रेसर, बोरिंग, फ्लो मीटर, पंपस एवं weirgh scale उत्पादों का प्रदर्शन किया।

**सूर्य अंबा स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड-** मिल के वाइस प्रेसिडेण्ट (मार्केटिंग) श्री पूजित अग्रवाल एवं स्थानीय दामोदर टेक्सटाइल एजेंसी के ओनर श्री प्रांजील अग्रवाल ने बताया कि कंपनी के नागपुर प्लांट में सिंथेटिक पीवी डाइड, विस्कोस डाइड, होम फर्निशिंग यार्न, कोर स्पन, लाइक्रा एवं सायरो यार्न का उत्पादन हो रहा है। इस आयोजन में बेहतर रिस्पॉन्स मिला, काफी कस्टमर आये, यह शुरूआत कई वर्षों बाद हुई परंतु यहां के स्थानीय उद्यमियों को भी रूचि लेनी चाहिए। कमेटी के लोगों के अथक प्रयास से यह आयोजन सफल हुआ और फाइबर टू फैशन की परिकल्पना साकार हुई।

**इस आयोजन में कोटा स्थित नामचीन कम्पनी अम्पी पैकेजिंग प्रा.लि. द्वारा अपनी स्टॉल पर टेक्सटाइल सेक्टर के लिये मल्टीकलर टेक्सटाइल बॉक्सेज जिसमें Matte & Glazed, Laminted Box, UV/Drip off Printing, Foil Printing on any Box Packaging, Aqua Coating Mono Cottons इत्यादि का प्रदर्शन किया।**




ब्राइट स्टार (फैब्रिक ब्राण्ड)


टेक्सटाइल प्रासेसिंग मशीन


आनन्द स्पिनर्स (यार्न निर्माता कंपनी)


अमर प्रेम एण्ड संस (कोल एण्ड केमिकल आपूर्ति)

## व्यापार फ्लॉप होने से व्यापारी वर्ग परेशान : नहीं आ रही उधारी

**सतना/ बलराम शुक्ला**

इस समय सभी जीन्सों का काम करने वाले परेशान है। दिन-प्रतिदिन व्यापार घट रहा है। सबसे ज्यादा परेशान होलसेलर है, क्योंकि उधारी ने बाजार का संतुलन बिगाड़ दिया है, हमने सतना के प्रतिष्ठित व्यापारी श्री मनोहर लाल से इस विषय पर चर्चा कि, तो उन्होंने कहा कि गांव के छोटे व्यापारी हम लोगों से पूरा माल उधारी में लेता है और पैसा भी धीरे-धीरे देता है।

लेकिन हम लोगों को देशावर का पैसा समय से देना पड़ता है जिससे साख भी बनी रहे और सीजन में माल भी समय से मिले लेकिन वर्तमान की स्थिती प्रतिकूल है। यदि हमने जोर देकर व्यापारियों को पेमेंट के लिए बोला तो व्यापारी हमारे यहां आना बंद कर देंगे। यहां तक कि मंडी भी आना बंद कर देंगे क्योंकि उन्हें मालूम है कि दूसरे व्यापारी फोन से ऑर्डर लेंगे और अगले दिन माल उनके घर में आ जाएगा उन्हें माल तो मिल जायेगा लेकिन हमारी उधारी अटक जायेगी। इसलिए लेट पेमेंट भी चलाना पड़ता है क्योंकि आजकल इसका मुख्य कारण है व्यापार का सेंट्रलाइज्ड होना। क्योंकि हर शहर में एक निश्चित दुकानदार व सप्लायर है, तथा उन्हीं का माल सब जगह बिक रहा है। छोटा व्यापारी तो नुकसान भुगत रहा है।

## नवरात्रा पर खरीददारी बम्पर होने की उम्मीद

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार की पॉजिशन अभी ठीक नहीं हैं क्योकिं मार्केट में पेमेन्ट की आवक बराबर नही है। मार्केट में माल मँगवा रहे है क्योकिं आगे नवरात्री पर ग्राहकी चलने की पूरी उम्मीद है। श्री नाकोड़ा टेक्सटाइल्स से महावीर जी का कहना है कि होलसेल में हम कपड़ा खरीद रहे है किन्तु रिटेल में ग्राहकी अभी नहीं है। मार्केट से पेमेन्ट बराबर नहीं आ रहा है। भाग्य श्री साड़ीज के यहाँ साड़ियों की ग्राहकी अच्छी है, साड़ीयों में नयी-नयी डिजाइने आ रही है व रिटेल वाले व्यापारी खरीद रहे है। शिवम वस्त्र भण्डार के श्री शंकर सिसोदिया का कहना है कि, इस समय रेडीमेंट में ग्राहकी अच्छी है। साड़ी सूट, पेन्ट-शर्ट, की ग्राहकी अच्छी है। अभी मीलों में पेमेन्ट जाएगा नये काम का ऑर्डर भेज रहे है। नवरात्रा पर खरीददारी के लिए कपड़ों की गाठों की बुकिंग करवा दी है। माल आने लग गया हैं आगे ग्राहकी अच्छी रहने की पूरी उम्मीद है।

## व्यापारियों को आगामी सीजन में तेजी के आसार

कोयम्बटूर/ सुनील जैन...ग्राहकी मंद है,आड़ी का डिस्काउंट सेल व विवाह का सीजन भी कुछ बड़े रिटेल काउंटर को छोड़ दे तो मार्केट में खास नहीं रहा और रही- सही कसर ऑनलाइन कंपनियों ने पूरी कर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अब हम भी विश्व की आंशिक मंदी की चपेट में आ रहे हैं, और वैसे भी स्कूल सीजन के बाद आम आदमी को मार्केट की और लौटने में 2-3 महीने लगते ही है। इस बीच केरल में ईद और ओणम की भी कुछ खास डिमाण्ड नहीं थी, तथा थोक व्यापारी दिवाली, दशहरा के सीजन को ध्यान में रखते हुए खरीददारी के लिए मुम्बई,सूरत, वाराणसी, मऊ आदि के लिए अपना प्रोग्राम बना कर निकल चुके है। बाकी रेट के हिसाब से अब खरीददारी का सही समय है। आगे दिवाली की सीजन अच्छी रहेगी तो मायूसी झेल रहे व्यापारियो के मुस्कराने का उम्मीद है।









































## मार्केट में मंदी का दौर

**ब्यावर/ अनिल डोसी...** मार्केट में ग्राहकी कम होने से कस्टमर को अपनी आवश्यकतानुसार चीजें खरीदने जैसे- सलवार सूट, ड्रेस मटीरियल, सूटिंग-शर्टिंग, धोती-जोड़ा, फैंसी ब्लाउज व रेडीमेण्ड आइटम शर्ट पेन्ट, ब्लाउज, जीन्स, टी शर्ट आदि की मांग बनी हुई है।




## लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित

# इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर अभूतपूर्व सफल

**यार्न, फैब्रिक्स, स्पेयर पार्ट्स और एसेसरीज निर्माताओं ने किया लाजवाब डिस्प्ले**

**फेयर में तीनों दिन विजिटर्स का उमड़ा सैलाब**



### फेयर की सफलता के लिए सबका हार्दिक आभार -श्री महेश हुरकट

इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर की शानदार सफलता के लिए फेयर कमेटी अध्यक्ष श्री महेश हुरकट ने सबके सहयोग के लिए आभार जताया। श्री हुरकट ने कहा कि नगर परिषद, पुलिस प्रशासन, मीडिया सबके हम आभारी है जिन्होंने हर कदम पर हमारा सहयोग किया। कोटा के श्री एम पी चटर्जी, सांसद श्री सुभाष बहेडिया, संगम समूह के एम डी श्री एस एन मोदानी एवं लघु उद्योग भारती के शीर्ष नेतृत्व का हमे भरपूर मार्गदर्शन मिला। प्लेटिनम स्पॉन्सर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, गोल्ड स्पॉन्सर भिलोसा इंडस्ट्रीज प्रा लि मुंबई, कॉ स्पॉन्सर आर सी एम, जिंदल सॉ लि. एवं हिन्दुस्तान जिंक लि. तथा एमएसएमई एवं एनएसडीसी द्वारा फेयर के आयोजन में विशेष सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।










### एमएसएमई सबसे बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर -श्री कैलाश चौधरी

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री कैलाश चौधरी ने कहा कि, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला एमएसएमई सेक्टर रोजगार देने में भी अग्रणी है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी भारत में स्मॉल स्केल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए हर तरह से प्रयासरत है। विशेष तौर से मैं युवाओं से आह्वान करना चाहता हूँ कि, आप रोजगार लेने वाले बनने की बजाए एमएसएमई सेक्टर की योजनाओं का लाभ उठाकर अपना व्यवसाय शुरू कर रोजगार देने वाले बन सकते है।

**भीलवाड़ा/ सत्य प्रकाश**

15-17 सितंबर को भीलवाड़ा ऐतिहासिक एग्जीबिशन इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर के 8वें संस्करण का साक्षी बना। लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित इस एग्जीबिशन में टेक्सटाइल सेक्टर से फाइबर, यार्न, मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स, टेक्निकल टेक्सटाइल उत्पादकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लघु उद्योग भारती द्वारा अब तक कई शहरों में इन फेयर्स का आयोजन करवाया जा चुका है। 15 सितंबर को इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर के 8वें संस्करण का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलदेव भाई प्रजापति एवं स्थानीय सांसद श्री सुभाष बहेड़िया, लघु उद्योग भारती, भीलवाड़ा इकाई एवं फेयर कमेटी अध्यक्ष श्री महेश हुरकट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक श्री राजेश कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक नेटवर्क-2 के श्री हेमंत कारोलिया, भिलोसा इंडस्ट्रीज प्रा. लि. मुंबई के मार्केटिंग प्रेसिडेंट श्री संदीप रोहिल्ला, कन्वीनर श्री गिरीश अग्रवाल सहित कई गणमान्य उद्यमियों की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। फेयर के प्लेटिनम स्पॉन्सर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, गोल्ड स्पॉन्सर स्पिनिंग मिल भिलोसा इंडस्ट्रीज प्रा. लि. मुंबई तथा कॉ-स्पॉन्सर आरसीएम, जिंदल सॉ लि., हिन्दुस्तान जिंक, एमएसएमई एवं एनएसडीसी का विशेष सहयोग रहा।






### संपूर्ण टेक्सटाइल वैल्यू चेन का लाजवाब प्रदर्शन

इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में पूरे भारत से फाइबर, यार्न, फैब्रिक्स, गारमेंट्स, मशीनरी, स्पेयर पार्ट्स एवं माइनिंग सेक्टर के उत्पादकों द्वारा शानदार डिस्प्ले लगाया गया। कई बड़ी स्पिनिंग मिलों सहित नामचीन मशीनरी एवं स्पेयर पार्ट्स निर्माताओं ने लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का लाजवाब प्रदर्शन किया। टीएफओ मशीन, वीविंग लूम्स, नेम सैल्वेज जैकार्ड मशीन, वार्पिंग एवं डाईंग मशीनों सहित इंडस्ट्री में लगने वाले पावर प्रोडक्ट्स निर्माताओं ने शानदार डिस्प्ले लगाया। फेयर में भीलवाड़ा के फैब्रिक्स, यार्न, मशीनरी एवं स्पेयर पार्ट्स निर्माताओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। लघु उद्योग भारती की भीलवाड़ा इकाई अध्यक्ष श्री महेश हुरकट ने कहा कि पूरे इंडिया से पधारे सभी एग्जिबिटर्स ने कड़ी मेहनत से बहुत अच्छा डिस्प्ले लगाया है। फेयर में भीलवाड़ा ही नहीं अपितु ऑल इंडिया से विजीटर्स आए हैं, वो हमारी भीलवाड़ा मंडी के प्रति बढ़ते भरोसे का परिचायक है।

### हर तरफ जोश एवं उत्साह का रहा माहौल

फेयर में एक्जीबिटर्स एवं विजिटर्स में जबरदस्त उत्साह देखा गया। टेक्सटाइल मशीनरी निर्माताओं द्वारा मशीनों का लाइव डिस्प्ले एवं स्पिनिंग मिलों के आकर्षक डिस्प्ले ने हर किसी को आकर्षित किया। फेयर के अंतिम दिन 17 सितंबर की शुरुआत जबरदस्त रही। बड़ी संख्या में व्यापारियों की विजिटिंग एवं विश्वकर्मा जयंती पर निर्माण एवं सृजन के देवता विश्वकर्मा जी की विधिवत् पूजा अर्चना की गई। दिनभर विजीटर्स का ताता लगा रहा। सायं 5 बजे फेयर का समापन समारोह आयोजित किया गया, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद्र, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक-व्यवसाय एवं परिचालन श्री भूपेंद्र जोशी, भिलोसा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मार्केटिंग प्रेसिडेंट श्री संदीप रोहिल्ला के पुनीत सानिध्य में समारोह संपन्न हुआ।




### भिलोसा इंडस्ट्रीज की नई यार्न वैरायटीज रही आकर्षण का केंद्र

इण्डिया इंडस्ट्रियल फेयर की गोल्ड स्पॉन्सर एवं पॉलिएस्टर यार्न के उत्पादन में अग्रणी कंपनी भिलोसा इंडस्ट्रीज प्रा. लि. मुंबई द्वारा यार्न में काफी नए डवलपमेंट्स पेश किए गए। वुलन एवं कॉटन फील जैसे फाइन यार्न की नई वैराइटी विकसित की है जिनका व्यापक डिस्प्ले किया गया। कम्पनी के मार्केटिंग प्रेसिडेंट श्री संदीप रोहिल्ला ने कहा कि भीलवाड़ा के अधिकतम सूटिंग मैन्युफैक्चरर्स हमारे ग्राहक है जो सालों भिलोसा इंडस्ट्रीज के यार्न का सहर्ष इस्तेमाल कर रहे हैं। फेयर में हमें अच्छा रिस्पोंस मिला, बड़ी संख्या में व्यापारियों ने हमारे स्टॉल पर विजिट किया, विजीटर्स की प्रतिक्रिया हमें प्राप्त हुई, जिससे हमको आगे नए डेवलपमेंट करने में आसानी रहेगी।









### फेयर के दूसरे दिन सेमिनार का आयोजन

16 सितंबर को फेयर की आयोजक टीम ने सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें टेक्सटाइल सेक्टर एवं फाइनेंस फील्ड के जाने माने स्पीकर्स ने अपने विचार रखे। श्री अजय कुमार गुप्ता, डिप्टी जनरल मैनेजर एसएमई स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जयपुर, श्री ओम प्रकाश मित्तल, फार्मर नेशनल प्रेसिडेंट लघु उद्योग भारती, संगम ग्रुप के एमडी श्री एस एन मोदानी, श्री अविनाश माइकर एमडी सुविन एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड मुंबई, श्री मनीष त्यागी नौवत एक्स प्रोजेक्ट कंपनी नई दिल्ली, श्री संदीप डांगी बजहब कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड सूरत, श्री सागर डागा, कॉन्सेप्ट एंड स्ट्रेटेजीज नोएडा आदि ने नवोदित टेक्सटाइल एंट्रप्रोन्योर को संबोधित किया।










### फेयर की अभूतपूर्व सफलता में आयोयक टीम का अहम योगदान

किसी भी फेयर की सफलता उसके आयोजको पर निर्भर करती है। फेयर की तैयारियों से लेकर पूरे भारत से एग्जीबिटर्स को भीलवाड़ा में लाने को राजी करना, होस्पेटिलिटी जैसी समस्त सेवाओं में लघु उद्योग भारती टीम ने साबित कर दिया कि संगठन में शक्ति होती है। तीन दिन तक चले इस फेयर में हर तरह की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया। विजीटर्स के लिए बारकोड से ऑनलाइन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा ने हर किसी को आकर्षित किया। साथ ही युवाओं के लिए टेक्निकल टेक्सटाइल पर इंडस्ट्री के टॉप स्पीकर्स के सेशन आयोजित करवाएँ। लघु उद्योग भारती की भीलवाड़ा इकाई एवं फेयर कमेटी अध्यक्ष श्री महेश हुरकट के नेतृत्व में 100 से अधिक सक्रिय लोगों की टीम ने सफलता का कीर्तिमान रचा। जिसमें महिला संगठनो का भी विशेष योगदान रहा। विशेषतः फेयर की स्मारिका प्रकाशन में श्रीमती पल्लवी लड्डा का विशेष योगदान रहा। जिन्होंने अमृतकाल के कलेवर में इसका प्रकाशन किया। कन्वीनर श्री गिरीश अग्रवाल ने शानदार तरीके से काम किया। फेयर में स्टॉल बुकिंग में श्री राजीव शर्मा, श्री राम रतन जागेटिया, श्री अजय मुंदड़ा, श्री सत्यनारायण झंवर आदि का विशेष सहयोग रहा। इसी तरह इंफ्रा टीम में श्री सुरेश कोगटा, श्री शंभू प्रसाद काबरा, श्री पुनीत सोनी, श्री कमलेश जैन, श्री अंकित राठी, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री अजय जैन, श्री ऋषिराज सोमानी, श्री लक्ष्मी नारायण तिवारी, श्री मनीष अजमेरा शामिल थे। अकाउंट्स का कार्य सी ए शिव कुमार झंवर एवं श्री अनूप बागडोदिया व एडवरटाइजिंग के काम में श्री अजय गोंदवाला, श्री संजीव चिरानिया तथा रजिस्ट्रेशन कार्य श्री पंकज अग्रवाल ने बखूबी किया। फेयर के दौरान सेमिनार के आयोजन में श्री रवि कालरा एवं श्री महेश देवपुरा तथा स्टेज संचालन श्री सुमित जागेटिया एवं पल्लवी जागेटिया ने किया। स्थानिय उद्यमियों, सरकारी अधिकारियों एवं ऑफिसेज में निमंत्रण का कार्य श्री राजकुमार मिलना, श्री शंभू प्रसाद काबरा, श्री सुमित जागेटिया, श्री हरि प्रसाद अग्रवाल श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल ने किया। साथ ही भोजन व्यवस्था श्री हरगोविंद सोनी, श्री बालकृष्ण काबरा, श्री सत्य प्रकाश गग्गड़, श्री सुरेश जाजू का सहयोग रहा। श्री महेश हुरकट ने बताया कि फेयर के सफल आयोजन में स्थानीय सांसद श्री सुभाष बहेड़िया एवं संगम ग्रुप के एमडी श्री एस एन मोदानी का सानिध्य प्राप्त हुआ। लघु उद्योग भारती के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा, संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद्र, प्रदेश अध्यक्ष श्री शांतिलाल बालड़, प्रदेश महामंत्री श्री योगेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# सर्विकॉम रेयॉन की 7 दिवसीय कॉन्फ्रेंस मसूरी में सम्पन्न





The Perfect Man ®
Servicom's
FINE SUITINGS

भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठत सूटिंग निर्माता कम्पनी ''सर्विकॉम रेयॉन इण्डिया'' की सात दिवसीय रिटेलर्स कॉन्फ्रेंस 31 अगस्त से 7 सितम्बर तक कामाय द सॉलिटेयर रिसोर्ट मसूरी में आयोजित की गयी। इस कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा उत्पादित सभी क्वालिटीयों का भव्य डिस्प्ले किया गया। कॉन्फ्रेंस में दिल्ली, कानपुर, सहारनपुर,रेवाड़ी, रोहतक, मथूरा, श्रीगंगानगर, दावणगीरी के व्यापारीयों ने भाग लिया। श्री कोठारी ने जानकारी दी कि, व्यापारी मसूरी की कॉन्फ्रेंस में काफी उत्साहित नजर आये। सभी ने तहैदिल से बुकिंग भी कराई और भ्रमण का भी भरपूर आंनद लिया।












# 75 वर्षों से मील के पत्थर के रूप में स्थापित एस. कुमार्स

## सूटिंग-शर्टिंग एवं यूनिफॉर्म में लीडरशिप

S.Kumars ®
The Fabric of India
Since 1948

Celebrating 75 Years Of Being Uniformly Successful

**मुंबई/** वर्ष 1948 में एक छोटे से पौधे के रूप में श्री शंभूकुमार कासलीवाल ने S.Kumars की स्थापना कर भारतीय वस्त्र बाजार में नींव रखी। एस. कुमार्स ने आज एक अग्रणी वस्त्र उत्पादनकर्ता के रूप में अपनी पहचान कायम की है। भारतीय उपभोक्ताओं को नया रूप देते हुए S.Kumars ने सूटिंग-शर्टिंग के साथ यूनिफॉर्म फैब्रिक में भी अपना वर्चस्व जमाया है।

1948 से शुरुआत कर निरंतर आगे बढ़ते हुए S.Kumars द्वारा 1960 के दशक में सभी प्रकार के मिश्रित फैब्रिक में पोलिएस्टर/ कॉटन, पॉलिएस्टर/ विस्कोस, गैबरडिन, मैटी का उत्पादन कर यूनिफॉर्म व्यवसाय में कदम रखते हुए पूरे भारत में अपना चहुँमुखी नेटवर्क स्थापित कर आज लीडिंग यूनिफॉर्म निर्माताओं में अपनी पहचान बनाई है। निरंतर प्रगतिपथ पर नए-नए सोपान तय करते हुए 1970 के दशक में टेरीन साड़ियाँ तथा अपने ब्रांड के प्रचार-प्रसार पर ध्यान देते हुए रेडियो, टीवी तथा प्रतिष्ठित क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव को अपना ब्रांड एंबेसडर भी बनाया। वर्ष 2000 के दशक में एस. कुमार्स ने प्रमोशन के लिए कई क्रिकेटरों को जैसे सौरव गांगुली, नितिन मोंगिया, स्टीव वॉ, सचिन तेंदुलकर को अपने कैंपेन में शामिल किया। 2010 के दशक में S.Kumars ने यूनिफॉर्म सेक्टर में हर प्रकार की तथा हर सेक्टर के लिए यूनिफॉर्म तैयार करते हुए मार्केट में लीडर के रूप में अपनी उपस्थिती बनाई रखी है।

75 वर्ष के शुभ अवसर पर कंपनी के चेयरमैन श्री शंभूकुमार कासलीवाल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी शंभूकुमार कासलीवाल ने कंपनी के देवास स्थित प्लांट पर श्री सत्यनारायण भगवान की कथा के साथ पूजा अर्चना की। इस खास दिन पर भारत के मशहुर आर्टीस्ट एवं इन्दौर निवासी श्री साहिल लेहरी ने S.Kumars की फैब्रिक से श्री शंभूकुमार कासलीवाल का आर्ट बनाकर उन्हें इस विशेष दिन पर S.Kumars की पूरी टीम ने सरप्राइज दिया।





इस खास दिन पर भारत के मशहूर आर्टिस्ट एवं इन्दौर निवासी श्री साहिल लेहरी ने S.Kumars के फैब्रिक से श्री शंभूकुमार कासलीवाल का आर्ट बनाकर उन्हें इस विशेष दिन पर S.Kumars की पूरी टीम ने सरप्राइज दिया।














# हिंदुस्तान चैंबर द्वारा आयोजित asiatex 2023 का सफल आयोजन जिओ वर्ल्ड मुंबई में सम्पन्न





## लगभग 120 मैन्युफेक्चरर्स ने किया अपने उत्कृष्ट उत्पादों का डिस्प्ले

**मुंबई/ ललित शर्मा**

125 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर मुंबई के सबसे पुराने एवं विख्यात हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा Asiatex 2023 का सफल आयोजन जिओ वर्ल्ड, मुंबई में 31 अगस्त से 2 सितंबर 2023 तक किया गया। जहां मुंबई सहित सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, भीलवाड़ा के उत्पादनकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आगामी सीजन की शुरुआत कर नए डवलपमेंट को पेश किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में भारत के सभी प्रांतों से एजेंट, डीलर्स एवं रिटेलर्स ने शिरकत की तथा इसे सफलता के शिखर पर पहुंचाया। इस फेयर में लगभग 120 स्टॉलें लगाई गई। जिसमें सूटिंग, शर्टिंग, साड़ी, कुर्ता, यूनिफॉर्म, फैंसी दुपट्टा, कॉटन शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, इंपोर्टेड फैब्रिक, एथनिक वीयर, बनारसी-साड़ी आदि वस्त्रों की शृंखला प्रदर्शित की गई। एसोसिएशन को प्रेसिडेंट श्री शिखर चंद्र जैन ने बताया कि इस फेयर का शुभारंभ श्री राहुल नार्वेकर (माननीय स्पीकर महाराष्ट्र), श्री पीयूष गोयल (टेक्सटाइल मंत्री), श्री गुलाबचंद कटारिया (राज्यपाल आसाम), सियाराम सिल्क मिल्स के सीएमडी एवं चेयरमैन श्री रमेश पोद्दार, डोनियर इंडस्ट्रीज के मेंटर श्री राजेंद्र अग्रवाल एवं डायरेक्टर श्री अजय अग्रवाल के कर कमलों द्वारा किया गया।

### एसोसिएशन की पूरी टीम का सहयोग

किसी भी आयोजन को सफलता की ओर ले जाने में उसकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान चैंबर के सभी पदाधिकारियों का इस आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। एसोसिएशन की पूरी टीम ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद किया कि वे अपना अमूल्य समय देकर इस फेयर में पधारे तथा सभी ने स्टॉलों पर जाकर उनके फैब्रिक की और रेंज की जमकर प्रशंसा की।






















# जे. हैम्पस्टेड द्वारा विंटर फेस्टिव कॉन्फ्रेंस की मुम्बई में मची धूम

## विंटर फेस्टिव कलेक्शन 2023 की व्यापारियों ने कराई जबरदस्त बुकिंग














**मुम्बई/** मेन्स वीयर फैब्रिक के प्रतिष्ठित ब्राण्ड जे. हैम्पस्टेड ने अपनी आक्रामक रणनीति के चलते अपने व्यापार में निरन्तर वृद्धि करते हुए आगे बढ़ता जा रहा है। कम्पनी ने इस वर्ष अपनी रिजनल कॉन्फ्रेंस पर ध्यान देते हुए प्रत्येक एरिया में कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रही है। कम्पनी ने अपनी टीम के साथ मिलकर आक्रामक रणनीति अपनाई एवं व्यापारियों के उत्साह को ध्यान में रखते हुए 29 अगस्त 2023 को मुम्बई के पाँच सितारा होटल सहारा स्टार में भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस की। जिसमें लगभग 50 से अधिक व्यापारियों ने उपस्थिति देकर इसको सफलता के शिखर पर ले गए। कॉन्फ्रेंस की शुरूआत जे.हैम्पस्टेड के रीजनल सेल्स मैनेजर श्री नवल गुप्ता ने उपस्थित व्यापारियों मुम्बई की सेल्स टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग देने पर व्यापारियों सहित अभिवादन के साथ दीप प्रज्वलित कर की।

जे.हैम्पस्टेड के रीजनल सेल्स मैनेजर श्री नवल गुप्ता ने बताया कि कम्पनी द्वारा इस सीजन के लिए विंटर फैस्टिव समर कलेक्शन 2023 लॉञ्च किया। जिसमें विशेष रेंज तैयार की तथा शर्टिंग रेंज में कॉटन शर्टिंग, चैक्स, प्लेन व सूटिंग रेंज में पीवी, पीसी, टीआर, जैनेटी, रिचवूल में एक्स्ट्रा ब्लैक कलर की विशाल रेंज, सेरेमोरियल कलेक्शन, पोलीवूल की रेंज का डिस्प्ले किया गया।

इस दौरान कम्पनी द्वारा जैनेटी एवं क्यूपरी में कैटलॉग भी लॉञ्च की गई, जो व्यापारियों को खूब पसन्द आई। जिसे देखकर व्यापारियों ने इस कलेक्शन की भूरि-भूरि प्रशन्सा की एवं जबरदस्त बुकिंग भी कराई।

J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE

विदित रहे कि जे. हैम्पस्टेड ब्राण्ड आज भारतीय वस्त्र बाजार में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। कम्पनी अपने उपभोक्ताओ का ध्यान रखते हुए निरन्तर नये-नये कलेक्शन बाजार में पेश कर रही है। साथ ही जे.हैम्पस्टेड के इनोवेटिव वीव, लाजवाब डिजाइनो को भारतीय वस्त्र बाजार में पसंद किया जा रहा है। फैशन पसंद प्रत्येक आयुवर्ग के उपभोक्ताओं को इस ब्राण्ड की रेंज मन को लुभा रही है।





























# माल की माँग से क्लॉथ उत्पादन हुआ सक्रिय

बालोतरा/ लालचन्द पुनीत

माल की माँग अच्छी बन गई है। दिसावरी मंडियों के व्यापारियों को लग रहा है कि जिन परिस्थितियों में आज कपास यार्न और ग्रे क्लॉथ उत्पादन की स्थिति है, उससे बाजार के तेज होने की संभावना अधिक है। तैयार माल की कमी से इस बात को और अधिक बल मिल रहा है। निश्चित रूप से सही है कि पेमेंट की आवक बहुत कमजोर बनी हुई है। सुनने में आ रहा है कि लोग शेयर बाजार में पैसा इन्वेस्ट करने में मशगूल है। इस कारण शेयर बाजार में जो आईपीओ भरे जा रहे हैं, उनका भरना कहीं गुना बढ़ गया है। इतना सब कुछ होने पर भी स्थानीय उत्पादनों में तैयार माल की डिमांड से औद्योगिक क्षेत्र के उत्पादन में उत्पादक अधिक सक्रिय है। पोपलीन, पेटिकोट, रोटो पॉकेटिंग, क्लॉथ, रेयॉन, नाइटी के साथ अन्य उत्पादों की चलनी संतोषप्रद बनी हुई है। विलंबता का मुख्य कारण सभी रंगों में माल की अनुपलब्धता है। ब्रांड इमेज धारक प्रतिष्ठान गुणवत्ता के कारण अन्य यूनिटों से रंगाबेजी पूरी करने से परहेज करते हैं, जबकि सामान्य उद्यमी एक दूसरे यूनिट से रंगाबेजी की अदला-बदली कर माल चालानी में सफल होने का प्रयास कर काम चला लेते हैं। हमने कुछ प्रतिष्ठित नामचीन प्रतिष्ठानों से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि इससे उनके माल की ग्रेडिंग में फर्क आ सकता है जो, न तो हम चाहते हैं और ना ही हमारे उपभोक्ता।

### अनायास वर्षा से यार्न उत्पादन पर लगा ब्रेक

**अचानक बरसात आने से ग्रे पर सूखा माल भीग गया साथ ही सारी औद्योगिक प्रक्रियाओं पर ब्रेक सा लग गया। इसको पुनः व्यवस्थित होने में काफी समय लग जाएगा। ऐसे समय में श्रमिकों का अभाव विशेष अखरता है। जैन पर्व पर्यूषण के कारण सभी धर्मावलंबियों के प्रतिष्ठानों का उत्पादन शून्य स्तर होने पर भी अपना समय तप, पूजा, अर्चना आदि धार्मिक अनुष्ठानों में लगाते हैं। धार्मिक स्थलों को इस अवसर पर सजाया जाता है। मंदिर में स्थित प्रतिमाओं आंगियो को आकर्षक व सुंदर बनाया जाता है।**



### रोटरी क्लब का प्रथम शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

रोटरी क्लब बालोतरा ने अपना शपथ ग्रहण समारोह बालोतरा के प्रथम जिलाधीश श्री राजेंद्र विजय के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर विजय ने स्वयंसेवी संस्थाओ को नारी उत्थान, पर्यावरण, शिक्षा, सफाई आदि क्षेत्रों में ग्रामीण अँचल तक पहुँच बनाने का आह्वान किया। क्लब के भावी गवर्नर व राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक फेडरेशन के अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर ने क्लब की सेवाओं को रेखांकित किया। क्लब अध्यक्ष श्री कैलाश गर्ग, सचिव श्री भरत भंसाली व उनकी टीम का सोल्लास सम्मान किया गया। इस अवसर पर पाराशर ने बालोतरा बैंक की प्रगतिपरक गतिविधियों पर बधाई दी तथा सभी ग्राहकहित सेवाओं की और ध्यान आकृष्ट किया।

### श्रीमती कौर के 90वें वर्ष पर रक्तदान शिविर का आयोजन



सादगी, सेवा और संकल्प की प्रतिमूर्ति श्रीमती मदन कौर के 90 वें वर्ष पर भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्त दान के संदर्भ में लगभग 600 लोगों ने रक्त दान कर बालोतरा में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। श्रीमती कौर की स्पष्टवादिता और उनकी व्यवहार कुशलता से इस क्षेत्र के लोग प्रभावित हैं। इनका कार्य-कौशल और चिंतन प्रेरक एवं अनुकरणीय रहने से सम्मान समारोह अभिनव रहा। प्रेस क्लब संस्थापक ने हिंदी दिवस पर हिंदी बोलना, लिखना व इसकी कार्यशैली को अपनाने का आह्वान किया।

# पुरुषों की पसंद एथनिक वीयर महिलाएँ चली पश्चिम की ओर

नई दिल्ली/ राजेश शर्मा

हालांकि कपड़ा बाजार के ट्रेंड में पिछले कुछ समय से बदलाव आ रहा था लेकिन हाल के वर्षों में इसमें तेजी से परिवर्तन आ चुका है। पुरुष जहां पर एथनिक वीयर की ओर रुख कर रहे हैं वहीं महिलाओं का रुझान पश्चिम व वेस्टर्न वीयर की ओर होता जा रहा है। व्यापाारियों का कहना है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण इस बदलाव को और हवा मिली है। पुरुषों का रुझान अब एथनिक वीयर की ओर अधिक हो रहा है तथा दूल्हे सहित बाराती भी कोट-पैंट या सूट के स्थान पर कुर्ता-पायजामा, जैकेट आदि को अधिक पसंद कर रहे हैं।

इससे जहां सिंथेटिक या वूलन की सूटिंग की मांग प्रभावित हो रही है वहीं कॉटन आइटमों की मांग में सुधार हो रहा है। अब अनेक मिलें कुर्ता-पायजामा और जैकेट आदि का फैब्रिक तैयार कर रहीं है और इसमें कॉटन के अतिरिक्त पीवी या पीसी भी है। व्यापारियों का कहना है कि वहां पहले पुरुषों में डार्क या मीडियल कलर-शेड आदि का चलन अधिक था वहीं अब लाइट कलर के साथ प्रिंट की मांग कुर्ते अथवा जैकेट के लिए आ रही है।

**बदलता फैशन**– सीएमएआई के चीफ मेंटर श्री राहुल मेहता का कहना है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण पश्चिमी संस्कृति ड्रेसिंग पैटर्न और फैशन युवाओं को प्रभावित कर रही है। इससे खासकर महिला परिधानों में धीरे-धीरे परम्परागत परिधानों का स्थान पश्चिमी संस्कृति या फैशन के परिधान लेते जा रहे हैं। दूसरी ओर, पुरुष परिधानों में फैशन पूर्व की ओर लौट रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व पुरुष परिधानों में वेस्टर्न फैशन या पैटर्न का क्रेज था बाद में एंग्लो इंडियन में परिवर्तित हुआ और अब परम्परागत भारतीय परिधानों का चलन बढ़ने लगा है। शादी या त्यौंहारों के अवसर पर अब पुरुषों में परम्परागत पहनावे का चलन अधिक हो रहा है। दूसरी ओर, युवतियां पश्चिमी पहनावे की ओर रुख कर रही हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक दुल्हन की पहली पसंद लहंगा होता था लेकिन अब गाउन आदि की मांग बढ़ती जा रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि बदली मांग को देखते हुए अब दुल्हन डार्क कलर के स्थान पर लाइट कलर का चयन भी करने लगी हैं। इसी प्रकार महिलाओं में भारी साड़ियों का चलन भी कम हो रहा है। शादियों या अन्य अवसरों पर पश्चिमी ड्रेस का चलन अधिक देखा जा रहा है। जानकार व्यापारियों का कहना है कि इस बदलाव का सूटिंग-शर्टिंग, वूलन आइटमों और वैवाहिक साड़ियों पर कुछ समय के लिए विपरीत असर पड़ने की आशंका है।

### दशहरा सीजन हेतु खरीददारी कर लौटे कपड़ा व्यापारी

निजामाबाद/ जुगल किशोर झंवर

तेलंगाना का बड़ा त्यौंहार दशहरा है। अतः इस सीजन की अच्छी ग्राहकी रहती है। हर घर में नये कपड़े पहनते हैं, और सोना भी खरीदते हैं। अतः होलसेल रिटेल सभी व्यापारी, बनारस, अहमदाबाद, सूरत, बंगलुरु, सेलम, इरोड़ खरीदी को गए हैं। आज गणेश चतुर्थी का भी त्यौंहार है। अतः सभी व्यापारी खरीददारी कर आ गए हैं। माल भी उतारना शुरू हो जाएगा पर ग्राहकी गणेश विसर्जन के दूसरे दिन से शुरू होगी। वैसे इतने दिन बड़े-बड़े शोरूम में आषाढ़ मास डिस्काउंट सेल चल रही थी, उससे ग्राहकी अच्छी थी। निजामाबाद में किसान शॉपिंग मॉल, एच गंगाराम, एल.यू.आर. शॉपिंग मॉल, साउथ इण्डिया, चैन्नई शॉपिंग मॉल, आकृति, सुल्तान, सिंध क्लॉथ लक्ष्मी सिल्क जैसे बड़े-बड़े शोरूम है जिनमें 50 से 500 लोग शोरूम में काम करने लगे हैं। अतः दूर-दूर से लोग यहां खरीददारी करने आते हैं नई-नई रेंज प्रतिस्पर्धक भाव के कारण ग्राहकी चलती है। इस वर्ष बरसात जोरदार है। फसल बंपर पैदावार होगी और ग्राहकी भी रहेगी।

# अग्रवाल सिंटेक्स द्वारा रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन







**जयपुर/** सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेल संस्थान अग्रवाल सिंटेक्स, जयपुर द्वारा 13 सितंबर को रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिष्ठित मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड डोनियर सूटिंग शर्टिंग, Evita बम्बू शर्टिंग बाय सियाराम, अर्जिलो मोडा बाय नवसारी कॉटन मिल्स आदि का शानदार डिस्प्ले लगाया गया। एम.आई. रोड़ स्थित होटल गोल्डन ट्यूलिप में आयोजित कॉन्फ्रेंस में सभी प्रदर्शित ब्राण्ड्स के तहत आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन के लिए तैयार नवीनतम रेंज प्रदर्शित की गई। कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के रिटेल व्यापारियों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर अच्छी बुकिंग करवाई।

कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न तरह की आकर्षक स्पॉट स्कीम एवं डोनियर द्वारा प्रदत्त वियतनाम यात्रा ऑफर के तहत भी बुकिंग की गई। डोनियर के रीजनल सेल्स मैनेजर श्री बुद्धि प्रकाश जैन ने बताया कि इस साल की विदेश यात्राओं के बाद अब रिटेल कॉन्फ्रेंस का दौर शुरू हो गया है। अग्रवाल सिंटेक्स की कॉन्फ्रेंस में डोनियर की ओर से प्रदर्शित फैब्रिक रेंज न्यू स्ट्रेच फैब्रिक, बर्लोटी कलेक्शन, अल्टरोज कलेक्शन, कॉटन सूटिंग-शर्टिंग, जापान ब्लैक सहित एथनिक फैब्रिक्स में अच्छी बुकिंग हुई। इस अवसर पर अग्रवाल सिंटेक्स के युवा संचालक श्री हिमांशु जैन, एजेंट श्री अनीश माथुर सहित मिलों के सेल्स प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बरेली में सियाराम मिस्टेयर की धमाकेदार सेल्स कॉन्फ्रेंस सम्पन्न





बरेली / राजीव अरोड़ा

पिछले दिनों होटल बरेली पैलेस बरेली में सियाराम मिस्टेयर की (फेस्टीव कलेक्शन)सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर मैसर्स राधे कृष्णा फैब्रिक्स द्वारा किया गया। जिसमे बरेली तथा आसपास के लगभग 150 व्यापारियों की भागीदारी रही। कॉन्फ्रेंस का उदघाटन बाबूजी श्री रमेश खनिजो जी के कर कमलो द्वारा गणपति पूजन से किया गया। फर्म के स्वामी श्री अजय खनिजो व उनके सुपुत्र श्री माधव खनिजो ने सभी व्यापारी बन्धुओं का स्वागत किया। सियाराम मिल से आए जोनल हेड श्री नीरज शर्मा व रावत जी का विशेष सहयोग रहा। कॉन्फ्रेंस में सियाराम मिस्टेयर की सभी वैरायटी सूटिंग-शर्टिंग्स, मिनिएचर कॉम्बो व टेनेसे वर्व टीआर का डिस्प्ले किया गया। जिससे की व्यापारियों ने आगामी-सीजन को देखते हुए सराहा तथा अधिक से अधिक बुकिंग दी।

इसके अतिरिक्त Gee Cee शर्टिंग छोटा व बड़ा पन्ना व AFW एथनिक सूटिंग-शर्टिंग, सीताराम सूटिंग व जेनेरिस की टीआर रेंज की भी व्यापारियों ने जबरदस्त सराहना कर बुकिंग कराई। सभी व्यापारी बंधुओं को उपहार भी प्रदान किए गए व लक्की ड्रा भी निकाले गए। बरेली होलसेल कपड़ा कमेटी से भी कई व्यापारी उपस्थत रहे तथा उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। व्यापारियों ने सभी प्रकार की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की तथा अजय जी ने बताया कि, ऐसे सौहार्दपूर्ण व्यापारिक कार्यक्रम का आयोजन आगे भी करते रहेंगे।

# रुई की आवक मंद, मिलों की लेवाली से भाव में सुधार

मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय

रुई की माँग सुधरी है। स्पिनिंग मिलों की लेवाली अच्छी है। जिन मीलों के पास रुई का स्टॉक कम है, ऐसी मीले रुई में लेवाल है। रुई की कोई कमी नहीं है। पुरानी रुई और नई रुई दोनों का स्टॉक बाजार में उपलब्ध है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना में हुई बारिश से कपास को फायदा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कपास एवं रुई की आवक बढ़ी है। रुई की माँग जैसे-जैसे बढ़ रही है, भाव टाइट हो रहे है, लेकिन स्थानीय और निर्यात बाजार में यार्न की माँग कम होने से मीलें ऊँचे भाव पर रुई की खरीद टालना चाहती है। गत वर्ष कम उत्पादन होने से भाव अनुमान से अधिक बढ़े थे, परंतु इस वर्ष ऐसी स्थिति नहीं है और किसान कपास की स्टॉक बाजार में लाते रहेंगे। उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक नई कपास की आवक शुरू हो चुकी है। नये कपास के भाव सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक है। बाजार में कपास की आवक कम है, परंतु 15 सितम्बर के बाद रुई की आवक भी बाजार में बढ़ेगी। तब देखना होगा कि रुई के भाव में तेजी होती है या भाव एक निश्चित स्तर पर स्थिर हो सकते है। यद्यपि अभी रुई के भाव 356 किलोग्राम की एक कंडी का 60 हजार रू से बढ़कर 62500 रू तक चल रहा है। लेकिन जानकारों का ऐसा कहना है कि रुई के भाव में अधिक उछाल की संभावना नहीं है। स्पिनिंग मिलें पहले से ही यार्न के कम उत्पादन और कमजोर बिक्री से जूझ रही है, इसलिए भाव 60 हजार की रेंज में स्थिर हो सकता है।

ऐसा अनुमान है कि पहले अधिक बारिश और बाद में अगस्त महीने में कई उत्पादन केंद्रो पर सूखा पड़ने से नई सीजन में रुई का उत्पादन कुछ कम हो सकता है। विदेशों में रुई सस्ती मिल रही है और स्पिनिंग मीलें अच्छी गुणवत्ता की रुई आयात करना चाहती है, लेकिन 11 प्रतिशत इम्पोर्ट ड्यूटी के कारण इसकी भारत पहुँचने पर लागत बढ़ जाती है। यद्यपि सरकार का अनुमान था कि इस सीजन में 15 लाख गांठ रुई का आयात हो सकता है, परंतु उद्योग सूत्रों का कहना है कि रुई का आयात इतना नहीं हो सकता है। कारण है कि मीलें ऊँची लागत पर रुई नहीं खरीदना चाहती है, इसलिए सरकार से इम्पोर्ट ड्यूटी कम करने की मांग स्पिनिंग उद्योग की ओर से की जा रही है।

# 11 माह की गिरावट बाद अगस्त में सुधरा पाक से टेक्सटाइल निर्यात

नई दिल्ली/ पिछले 11 महीनों की गिरावट बाद अगस्त में पाकिस्तान का टेक्सटाइल निर्यात में कुछ सुधार हुआ, लेकिन उसके बावजूद गत वर्ष की तुलना में पीछे है। ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन यानि (एपीटीएमए) द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार अगस्त में पाकिस्तान से टेक्सटाइल का निर्यात जुलाई की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़कर 1.48 बिलियन डॉलर हो गया। जुलाई में टेक्सटाइल्स का निर्यात 1.31 बिलियन डॉलर का हुआ था जो जून की तुलना में 11.44 प्रतिशत कम था। बहरहाल, अगस्त की तुलना में इस वर्ष टेक्सटाइल के निर्यात में 6 प्रतिशत की कमी रही। गत वर्ष अगस्त में निर्यात 1.58 बिलियन डालर का हुआ था। एपीटीएमए के अनुसार चालू वित्त वर्ष में जनवरी से अगस्त 8 माह में पाकिस्तान से टेक्सटाइल का कुल निर्यात 10.58 बिलियन डॉलर रहा, जो 2022 के निर्यात 13 मिलियन डॉलर से 19 प्रतिशत कम है। उल्लेखनीय है कि, टेक्सटाइल का पाकिस्तान के कुल विदेशी मुद्रा अर्जन में प्रमुख स्थान है लेकिन पिछले कुछ माह से टेक्सटाइल उद्योग अनेक कठिनाइयों से जूझ रहा है। गत वर्ष उत्पादन कम होने से कॉटन की कीमत में तेजी आई थी। इसके अलावा गैस की अधिकता के कारण उत्पादन लागत बढ़ने से पाकिस्तान के निर्यातक अन्य देशों से प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पा रहे हैं। विश्व के अनेक देशों में महँगाई की ऊँची दर के कारण वहाँ पर टेक्सटाइल की माँग प्रभावित हो रही है और पाकिस्तान सहित अनेक देशों के साथ निर्यात प्रभावित हो रहा है।




# छिटपुट पूछ परख आरंभ : व्यापारियों की तैयारियां पूरी

नई दिल्ली/ लम्बे समय के सन्नाटे के बाद दिल्ली कपड़ा बाजार में बीते पखवाड़े के कारण खुदरा व्यापारियों और उपभोक्ताओं की सीमित पूछ परख आरंभ हुई है लेकिन अच्छी ग्राहकी का अभी व्यापारियों को इंतजार है जबकि वे अपनी तैयारियाँ पूरी कर चुके हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में पसरा ग्राहकी का सन्नाटा टूटा है लेकिन अच्छी ग्राहकी श्राद्ध पक्ष के बाद नवरात्रि में ही आरंभ होने की आशा है। इनका कहना है कि श्राद्ध पक्ष आरंभ होने के बाद एक बार फिर बाजार में सन्नाटा बन सकता है लेकिन बाद में अच्छी ग्राहकी चलने का अनुमान है क्योंकि तब त्यौहारी और वैवाहिक सीजन की खरीद जोरों पर आरंभ होने की आशा है। जानकारों का कहना है कि पिछले दिनों मिलों द्वारा की गई बुकिंग का माल आना आरंभ हो गया है और कुछ मिलों से जल्दी ही चालानी आरंभ हो जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि पिछला वैवाहिक सीजन कमजोर रहा था लेकिन शीतकालीन सीजन अच्छा चलेगा और वैवाहिक तिथियां भी नवम्बर से आरंभ होकर फरवरी-मार्च तक बताई जा रही हैं। इनका मानना है कि हालांकि खाद्य वस्तुओं की मंहगाई त्योहारी सीजन की मांग को प्रभावित कर सकती है लेकिन वैवाहिक सीजन अच्छा रहेगा।

पिछले कुछ समय से कॉटन आइटमों के भाव में कमी आ रही है लेकिन अब कॉटन की फसल की स्थिति स्पष्ट नहीं होने और बुआई कम होने के कारण इसके भाव में और कमी की संभावना धूमिल होती जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष देश में कॉटन की बुआई गत वर्ष की तुलना में सिंथेटिक आईटमों के भाव पूर्व स्तर पर स्थिर चल रहे हैं। हाल ही में कच्चे तेल के भाव में आई तेजी के बाद सिंथेटिक फैब्रिक के भाव में गिरावट की कोई संभावना भी नजर नहीं आ रही है। गत पखवाड़े सिंथेटिक सूटिंग, शर्टिंग आदि में कारोबार कमजोर रहा जबकि मिलों से विगत दिनों की गई बुकिंग की चालानी हो रही है। सूटिंग में डार्क कलर और प्लेन की मांग अधिक आ रही है। रेमंड, सियाराम, डोनियर, ग्राडो, मयूर आदि के माल की चालानी हो रही है। विंटर सीजन के कारण शर्टिंग की कोई खास मांग नहीं आ रही है। जैकेट आदि के लिनन की मांग है जबकि कॉटन सूटिंग की मांग कमजोर है। जोड़ा पैकिंग की मांग कमजोर तथा बाजार में अच्छी क्वालिटी की मांग अधिक नजर आ रही है। वैवाहिक साड़ियों और लंहगा-चुन्नी की मांग कमजोर है जबकि वेस्टर्न वीयर की पूछ परख आरंभ हो चुकी है। ड्रेस मटीरियल में सीमित बनी हुई है। कॉटन आइटमों में भी सीमित मांग आ रही है। टू बाई टू रुबिया की मांग दिनोंदिन कम होती जा रही है।

# बांग्लादेश से गारमेंट निर्यात में बढ़ोतरी का दौर जारी

दिल्ली/ राजेश शर्मा

अगस्त से भी बांग्लादेश से गारमेंट निर्यात में वृद्धि का दौर बना रहा तथा लगभग 8 प्रतिशत बढ़कर 4.04 बिलियन डॉलर का हो गया।

कुल गारमेंट निर्यात में निटवीयर का निर्यात 2.31 बिलियन डॉलर और वूवन गारमेंट का 1.72 बिलियन डॉलर का रहा। इसे मिलाकर बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट का निर्यात चालू वित्त वर्ष 2022-23 (अगस्त-जुलाई) के पहले दो महीनों में 7.99 बिलियन डॉलर का हो गया है जो गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात की तुलना में 12.46 प्रतिशत अधिक है।

गत वर्ष इसी अवधि में वहां से 7.11 बिलियन डॉलर का निर्यात किया गया था। बांग्लादेश से निटवीयर का निर्यात 4.58 बिलियन डॉलर का हुआ, जबकि वूवन गारमेंट का 3.41 बिलियन डॉलर का हुआ। जानकारों का कहना कि बांग्लादेश से आगामी महीनों में भी रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में वृद्धि की दर जारी रहने का अनुमान है क्योंकि अमेरिका, यूरोप आदि से मांग आने की आशा है। जानकारों के अनुसार जहां एक ओर विश्व बाजार के प्रमुख रिटेलरों के पास स्टॉक समाप्त हो चुका है वहीं दूसरी ओर महंगाई की दर कम होने से उपभोक्ताओं की मांग भी का अनुमान है। बांग्लादेश के कुल निर्यात में रेडीमेड गारमेंट निर्यात की सबसे अधिक हिस्सेदारी है।

पृष्ठ 1 व 22 का शेषांश

## कॉटन यार्न स्थिर होने ..

इसलिए इस खंड में आउटडेटेड स्टॉक अधिक होने का खतरा हमेशा रहता है। बावजूद रिटेलर्स अपनी मार्जिन पर भी ही इनकी बिक्री करते है। अब आगे के उत्सवी एवं वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए महिला सेगमेण्ट में फैशन डिजाइनरों ने नैचुरल फाइबर की मदद से तैयार कपड़ों पर ध्यान केंद्रित किया है। इसे स्लो फैशन नाम दिया है, जिसमें कपड़ों की क्वालिटी बेहतर हो। इसमें अच्छी क्वालिटी के कपड़ों का इस्तेमाल होने से यह ड्रेस स्ट्रेचेबल और इको-फ्रेंडली है। तथा लिनन और कॉटन कपड़ों का उपयोग किया गया है।

## यार्न की मांग बढ़ी...

इसलिए मीलों ने यार्न का उत्पादन तकरीबन 60 प्रतिशत तक घटाया और साउथ में कुछ समय तक उत्पादन रोक ही दिया था, अब मिलों की स्थिति सुधरने पर यार्न का उत्पादन बढ़ रहा है।

साउथ की ओर अभी भी कुछ मीलों में यार्न का उत्पादन पूर्ववत् नहीं हो सका है। तथापि ऐसी रिपोर्ट है कि अधिकतर मीलों में यार्न का उत्पादन करीब 80 प्रतिशत क्षमता के साथ हो रहा है। यद्यपि निर्यात मांग को लेकर अभी भी मीलों में कुछ संशय एवं दुविधा है। वहीं स्थानीय मांग सुधरने से मिलों में यार्न का उत्पादन बढ़ने लगा है। मीलें अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए रूई की खरीददारी कर रही है, परंतु बाजार में यार्न के भाव स्थिर लग रहे है और इसमें बहुत मामूली उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, इसलिए मीलें अधिक मंहगी रूई खरीदने से अभी बचेंगी, ताकि बाजारों में यार्न की कीमत ज्यादा नहीं बढ़े। लेकिन यार्न की मांग बढ़े, ताकि मिलों को यार्न के उत्पादन में कटौती नहीं करनी पड़े।

# सुधीर सिंथेटिक्स प्रा. लि. द्वारा आठ दिवसीय फैब्रिक बुकिंग सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन रहा बेहतरीन

**दो चरण में हुआ कॉन्फ्रेंस का आयोजन**











**भीलवाड़ा/** देश की अग्रणी सूटिंग उत्पादक कंपनियों में शुमार सुधीर सिंथेटिक्स प्रा. लि. द्वारा सितंबर माह में दो फेज में बुकिंग कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस की जानकारी देते हुए कंपनी के एमडी श्री संजय सँखलेचा ने बताया कि कंपनी द्वारा दो चरण में यह आयोजन संपादित किया गया, जिसमें पहले चरण में राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटक एवं ऐतिहासिक स्थल कुंभलगढ़ के प्रसिद्ध माना रिसोर्ट में दिनांक 4 से 8 सितंबर तक कॉन्फ्रेंस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं द्वितीय चरण में 8-10 सितंबर तीन दिवसीय आयोजन झीलों की नगरी उदयपुर में प्रसिद्ध रिसॉर्ट होटल डन एंड हिल्स में संपन्न हुआ। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कंपनी के ऑनर श्री संजय सँखलेचा एवं श्री सचिन सँखलेचा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस दौरान सम्माननीय व्यापारियों में श्री विजय जैन (श्री नमोकार एजेंसी) श्री राजेश चौधरी (महादेव टेक्सटाइल एजेंसी) एवं अन्य व्यापारीगण उपस्थित थे। कॉन्फ्रेंस के इस आयोजन में कंपनी के ब्रांड की विभिन्न रेंजों का भव्य डिस्प्ले के माध्यम से प्रदर्शन किया गया, जिसमे लगभग 250 के करीबन रेंजों एवं डिजाइंस में प्रदर्शन किया। इस दौरान लगभग 300 व्यापारियों का आगमन हुआ एवं भरपूर बुकिंग कराई गई। कंपनी द्वारा आगामी त्योहारी एवं लगन के सीजन के अनुसार फैंसी, लाइक्रा, पीवी एवं टीआर की क्वालिटी फैब्रिक में विभिन्न रेंजों की व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक बुकिंग कराई। कॉन्फ्रेंस में बुकिंग के दौरान कंपनी द्वारा व्यापारियों को स्कीम भी प्रदान की गई। श्री सँखलेचा ने कहा, कि शिरकत करने वाले व्यापारियों में राजस्थान के रिटेलर्स एवं यूपी के होलसेलर्स शामिल हुए, जिनमें श्री प्रदीप तुलस्यान (बनारस तुलस्यान एजेंसी) बीकानेर, श्री आशीष छाबड़ा गंगापुर सिटी से फर्म गोपाल लाल महेश चंद्र के ऑनर श्री महेश जी, एवं करनाल बलरामपुर, जोधपुर एवं उदयपुर संभाग के होलसेलर्स एवं रिटेलर्स ने शिरकत की। केसरी सिंथेटिक्स बनारस से श्री गुलाब जी ने उनके रिटेलर्स के साथ शिरकत कर बुकिंग कराई।

SUDHIR
SUITINGS & SHIRTINGS




**पर्यटन का उठाया लुत्फ...** व्यापारियों ने कुंभलगढ़ फोर्ट, कैमल राइडिंग एवं लेपर्ड सफारी का भ्रमण किया एवं उदयपुर के विभिन्न पर्यटक स्थलों एवं झील में नौका विहार का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के समापन में इस सफल आयोजन के लिए कंपनी के ऑनर्स श्री संजय सँखलेचा एवं श्री सचिन सँखलेचा द्वारा सम्माननीय सभी व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।





# कोलकाता साड़ी डीलर एसोसिएशन एण्ड दी साउथ कोलकाता साड़ी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय आयोजन






**कोलकाता/रतन लाल पण्डित**

कोलकाता साड़ी डीलर एसोसिएशन एण्ड दी साउथ कोलकाता साड़ी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मिलन मेला प्रांगण कोलकाता में दो दिवसीय आयोजन 25-26 अगस्त को किया गया। जिसमें 150 सप्लायर्स ने साड़ी, सूट, लहंगा एवं सलवार-सूट का डिस्प्ले कर अच्छी बुकिंग की। जिसमें भारत की सभी जगहों से लगभग 3 हजार व्यापारी वर्ग आए।

कोलकाता साड़ी डीलर एसोसिएशन के श्री निर्मल सराफ और दी साउथ कोलकाता साड़ी डीलर वेलफेयर के श्री अरुण जी गोयनका ने बताया कि आगामी वर्ष सत्र् 2024 में हम लोग और अच्छा करने की सोच रहे हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वंदना जी यादव (आईएएस, प. बंगाल) थी, जिनके पास वर्तमान में इण्डस्ट्री कॉमर्स एण्ड एण्टरप्राइजेज डिपार्टमेण्ट के सेक्रेटरी पद के साथ चेयरमैन पद का अतिरिक्त प्रभार भी है।

















## सम्पादकीय....

# शिल्पकारों का मान-सम्मान बढ़ाएगी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना देश के लगभग तीस लाख परिवारों को ध्यान में रखकर लाई गई है। इसमें कारीगरों और शिल्पकारों के बनाए उत्पादों और सेवाओं के लिए वैश्विक खिड़की खोलना भी एक मकसद है। पांच साल में इस पर तेरह हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। कारीगर और शिल्पकार हजारों वर्षों से देश की समृद्धि का मूल आधार रहे हैं। प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरण इनके काम को आसान बनाते हैं। मगर ये अकुशल, अप्रशिक्षित होते हैं तो इनका काम ही नहीं, तरक्की के रास्ते भी बंद होते हैं। केंद्र सरकार ने ऐसे ही शिल्पकारों और कारीगरों को उबारने, बाजार से प्रतिस्पर्धा करने लायक और इनके काम को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की है। यह योजना मूल रूप से धोबी, बढ़ई, कुम्हार, दर्जी, मछुआरे, नाई, सुनार, लुहार, हलवाई, मोची, मूर्तिकार आदि तबकों को ध्यान में रख कर लाई गई है।

ये ऐसे लोग हैं जिनके लिए आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में आजीविका कमाना बहुत मुश्किल हो गया है, लेकिन इनके बिना हमारी जरूरतें भी पूरी नहीं होती। गाँवों में तो बढ़ई, लुहार, टोकरी बुनने वाले जैसे तमाम कारीगरों के बिना किसी का काम ही नहीं चल पाता। इस योजना की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा भी कि जैसे शरीर में रीढ़ की हड्डी की भूमिका होती है, ठीक वैसे ही हमारी जिंदगी में विश्वकर्मा यानी दस्तकारों, कारीगरों और शिल्पकारों की अहमियत होती है। मगर जितना मुश्किल इन कारीगरों के बिना हमारी रोजमर्रा की जिंदगी है, उतना ही कष्टकारी हो चला है इनका जीवन।

अकुशलता, कच्चे माल की कमी, उपयुक्त बाजार न मिलना और मशीनों से बने सामान से प्रतिस्पर्धा जैसे कारकों के चलते ये कारीगर और शिल्पकार आज लगभग हाशिये पर पहुंच गए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए योजना के पहले चरण में कारीगरों को प्रशिक्षण देने और फिर उन्हें अपना काम शुरू करने, उपकरण खरीदने के लिए पंद्रह हजार रुपए का अनुदान देने का प्रावधान है। प्रशिक्षण पूरा होने पर एक प्रमाण-पत्र मिलेगा, जिससे वे मान्यता प्राप्त शिल्पकार का दर्जा हासिल कर लेंगे। दूसरे चरण में उन्हें व्यवसाय शुरू करने के लिए पहले एक लाख और फिर दो लाख यानी कुल तीन लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा। उसे प्रतिस्पर्धी बनाने, आज के युग के हिसाब से काम करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना से स्वाभाविक ही उम्मीद बनती है कि बहुत सारे अकुशल लोगों को भी स्वावलंबन की दिशा मिलेगी।

हालांकि ऐसी योजनाएँ सरकारें पहले भी लागू करती रही हैं, लेकिन वे बैंकों की ऋण प्रक्रिया और अफसरशाही का शिकार होकर कागजों तक सिमट कर रह जाती रही हैं। जरूरतमंद लोग बैंकों और अफसरों के चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन उन्हें वाजिब लाभ नहीं मिल पाता। इस कारण उनकी जिंदगी में अपेक्षित बदलाव नहीं आ पाता। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना देश के लगभग तीस लाख परिवारों को ध्यान में रखकर लाई गई है। इसमें कारीगरों और शिल्पकारों के बनाए उत्पादों और सेवाओं के लिए वैश्विक खिड़की खोलना भी एक मकसद है। पांच साल में इस पर तेरह हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

अगर ईमानदारी से इस योजना को लागू किया गया तो यह कारीगरों-शिल्पकारों के लिए बड़ी उम्मीद की किरण कही जा सकती है, जो अपने गांव-घर में रहकर अपने परंपरागत पेशे के जरिए ही रोजी-रोटी कमाना चाहते हैं। मगर इस योजना की कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि ऐसे शिल्पकारों को बाजार कितना उपलब्ध हो पाता है। अनेक सरकारी, सहकारी और स्वयंसेवी संस्थाएं हस्तशिल्पियों को बाजार उपलब्ध कराने के प्रयास में जुटी हैं, मगर भारी उद्योगों के सामने उन्हें चुनौतियों से पार ले जाना कठिन बना हुआ है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# समय के हाथ में डालें हाथ, बैठो स्वयं के साथ!



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

आज की तेज़-तर्रार भरी दुनिया में, अपने व्यस्त कार्यक्रम में खुद के लिए समय निकालना बहुत मुश्किल है। हम अक्सर काम और दैनिक जिम्मेदारियों के चक्र में फँस जाते हैं, जिससे छुटकारा पाना और कुछ समय खुद को समर्पित करना मुश्किल हो जाता है। हाँलाकि, हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रेस्ट करना और कुछ रचनात्मक काम करना जरूरी है। हम अनेक बार ऐसा सोचते है कि, काश लंबी छुट्टी मिल जाती जिससे कि हम अपने लिए समय निकाल पाते। लेकिन दोस्तों याद रखना जिंदगी में ऐसा दिन कभी नहीं आएगा कि कभी खुद को समय मिलेगा। आपको खुद के लिए समय निकालना पड़ेगा। हम यही सोच कर जीवन जीते चले जाते हैं कि शायद! कल मैं फ्री हो जाऊं तो खुद के लिए समय निकाल लूंगा, लेकिन आप भी जानते हैं कि ऐसा दिन कभी नहीं आया है।

प्रत्येक व्यक्ति का तनावमुक्त होने और रूटीन से 'स्विच ऑफ' करने का अपना तरीका होता है। कुछ लोग योग या दौड़ने जैसी शारीरिक गतिविधियों में संलग्न हो जाते हैं। जबकि कुछ लोग पढ़ना, लिखना या पेंटिंग जैसी शांत चीजें पसंद करते हैं। जो भी हो, इन प्रवृत्तियों के लिए हर हफ्ते थोड़ा समय निकालना जरूरी है। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद करता है, जिससे हमारे मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। जब हम खुद को छुट्टी देते है और उसका आनंद लेते हैं, तथा अपने काम पर लौटते है तो खुद को तरोताजा और अधिक प्रोडक्टिव महसूस करते है।

इसके अतिरिक्त, कुछ क्रिएटिव गतिविधियों पर समय बिताने से हमारी रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा मिलता है। ऐसा इसलिए है कि, क्रिएटिव एक्टिविटी में शामिल होने से माइण्ड को एक अपने दायरे से बाहर सोचने में मदद मिलती है। यह हमारे अचेतन मन में प्रवेश करने और गतिविधियों को देखने के नए तरिके की खोज करने में मदद करता है, जिससे हमारी समग्र संज्ञानात्मक क्षमताओं में सुधार होता है।

हम कई बार सुनते है - 'खुद को कर बुलंद इतना।' लेकिन जब हमारा मन स्वस्थ होगा तो हम खुद बुलंद हो पायेंगे। इसके अलावा, हमारे बिज़नेस या जॉब में रेगुलर समय निकालने से हमें सेल्फ-अवेरनेस होने में मदद मिलती है। जीवन इतना व्यस्त होता है, कि हम अक्सर उस पर ध्यान ही नहीं दे पाते। जो हमारे लिए वास्तव में सार्थक है। खुद के लिए समय निकालने से हमें चिंतन करने, आत्मनिरीक्षण करने और खुद पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलता है। इससे हमारे मूल्यों, लक्ष्यों और यहाँ तक कि स्वयं के साथ घनिष्ठ संबंधों की बेहतर समझ पैदा हो सकती है।

हम अपना ज्यादातर समय अपने व्यापार में व्यस्त या नौकरी को देते है। उसमें जो समय बचता है वो परिवार को देते है जो कि हमारा कर्तव्य है। लेकिन व्यस्त जीवन में स्वयं के लिए समय निकालना तथा उस समय को अपने लिए खर्च करना स्वार्थ न होकर आत्म-देखभाल है। यह हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण है। इसलिए, हमें हर सप्ताह कुछ रचनात्मक और क्रियात्मक कार्य करने के लिए कुछ समय निकालने का सचेत प्रयास करना चाहिए। हमें खुद को प्राथमिकता देनी चाहिए, वरना लंबे समय तक हमारा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है। एक सार्थक, स्वस्थ और आनंदमय जीवन जीने के लिए व्यक्ति को सामान्य सोच से हटकर सोचना चाहिए। वरना यह अमूल्य समय निकल जाएगा। कृपया, खुद को जानो, पहचानो! मनोज कुमार सिंह की इस कविता के साथ आज की बात को विराम देता हूँ -

अदम्य शक्ति और साहस,
है अगर तुझमें, यह खुद जानों।।
समय को जिसने पहचाना,
वह आज खुद को ऊँचाई पर पाता है।।
सजग प्रहरी बनकर,
अपने जीवन-पथ की, विजय पताका लहराता है।
मानव अपने जीवन के गंतव्य को जानो
तुझसे बहुत अरमान हैं लोगों को पहचानों।।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# कॉटन यार्न स्थिर होने से कपड़ों के उत्पादन में सुधार


**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कपड़ों के कारोबार में तेजी नहीं आने से व्यापारियों में थोड़ी निराशा है। पहले उम्मीद की गई थी कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े से बाजार में ग्राहकी निकल सकती है। लेकिन रक्षाबंधन का त्योहार निकलने के बाद भी ग्राहकी कमजोर है। यद्यपि रक्षाबंधन से पहले थोड़ी चहल पहल बाजारों में दिखाई दी थी, तथापि उसके बाद फिर माहौल शांत हो गया है। त्योहारों के आगाज के बाद भी कपड़ो में ग्राहकी नहीं होने से कारोबारियों में अब स्थिति असमंजस की बन रही है। कारोबार में मंदी सिर्फ कपड़ों की बिक्री में नहीं है। अपितु गारमेण्ट की बिक्री भी मंद है। कारोबार के पटरी पर लौटने की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

कारोबार बहुत ही मंदा है। न तो देसी कपड़ों में इन दिनों कारोबार अच्छा है,और न ही आयातित कपड़ों में। कपडा और गारमेण्ट का पुराना स्टॉक बाजार में अधिक होने से गारमेण्टरों के कपड़ों की माँग नहीं बढ़ रही है। कॉटन यार्न और सूती कपड़ों दोनों की मांग स्थिर है। किसी में तेजी नहीं है। ऊपर से रूई के भाव फिर बढ़ने शुरू हो गए है, यदि भाव में कोई बड़ा बदलाव होता है,तो इससे कॉटन यार्न प्रभावित होगा और यार्न के महँगा होने पर कपड़ों की लागत भी बढ़ सकती है। इसलिए वीवरों से लेकर प्रोसेस कपड़ों में कारोबार करने वाले व्यापारियों की निगाहें अब आगे के त्योहारों की ग्राहकी पर है, जिसमें माँग अधिक रहती है।

रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध के कारण यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में फैले स्लोडाउन के कारण वैश्विक मंदी गहराने से वैश्विक स्तर पर सप्लाई चैन मंद हो गई है। देश से कपड़ों के साथ गारमेण्ट के निर्यात में आई गिरावट के कारण स्थानीय स्तर पर कपड़ों की मांग नहीं बढ़ रही है। इसके फलस्वरूप स्थानीय बाजारों पर बिक्री का दबाव बनता जा रहा है। अगस्त महीने में बारिश कम होने के कारण देश में कपड़ों की ग्राहकी में सावधानी बरती जा रही है। परंतु 19 सितम्बर को गणेशोत्सव व उसके बाद दुर्गापूजा, दशहरा और नवम्बर महीने में दीपावली व फिर शादी का सीजन शुरू होने से बाजार के चलने की संभावना बढ़ी है। भारतीय रूपया अमेरिकी डॉलर के सामने कमजोर है। जब रूपया कमजोर होता है, तब आयात मँहगा पड़ता है और निर्यात में फायदा होता है। संयोग से दोनों की स्थिति कमजोर है। कॉटन प्रीमियम शर्टिंग का आयात है। ऐसी शर्टिंग बनाने के लिए फाईन काउंट यार्न का उपयोग किया जाता है। देश की मिलों में बनती अच्छी क्वालिटी की सफेद शर्टिंग की माँग रिटेलरों काउंटरों सहित गारमेण्टरों में अच्छी रहती है। आधुनिक लूमों से लैस पावरलूम इकाईयों में कपड़ा उत्पादन की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। परंतु शर्टिंग में प्लेन की माँग कम है। शर्टिंग में फैंसी माल की ही माँग है। प्रिंट और विशेषकर डिजिटल प्रिंट की अच्छी माँग है। स्थानीय बाजारों में मांग कमजोर है। निर्यात मंदा और निराशाजनक है। 150 अरब डॉलर का टेक्सटाइल एवं अपेरल उद्योग देश में बड़े पैमाने पर रोजगार देने वाला क्षेत्र माना जाता है। बावजूद इसके कपड़ा एवं अपेरल की माँग में संतोषजनक सुधार नहीं होने से कारोबार पर विपरीत प्रभाव दिखाई दे रहा है। यूरोप और यूएसए की अर्थव्यवस्था में स्लोडाउन होने तथा मुद्रास्फीति दबाव के कारण देश से निर्यात की माँग घटी है। इसलिए कपड़ों के साथ गारमेण्ट का उत्पादन धीमा हो जाने से कपड़ों की खपत उतनी ही है, जितनी इन दिनों में रहा करती है। इसलिए कारोबारियों को आगे त्योहारी सीजन में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार होम टेक्सटाइल की आय चालू वित्त वर्ष में 7 से 9 प्रतिशत तक सुधर सकती है। रूई के भाव घटने से लागत घटी है। इसका फायदा होम टेक्सटाइल कंपनियों को हो रहा है। विदेश के बड़े रिटेलरों द्वारा नया स्टॉक शुरू करने से इस क्षेत्र में वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ी है। होम टेक्सटाइल की निर्यात आय में 70 से 75 प्रतिशत हिस्सा यूएसए का है। आधे से ज्यादा निर्यात सबसे बड़े बाजार यूएसए में किया जाता है। निर्यात बढ़ने से गत वित्त - वर्ष से होम टेक्सटाइल रिकवरी करने में लगा है, परंतु हकीकत यह है कि इस क्षेत्र की आवक से गत वर्ष में 15 प्रतिशत की कटौती हुई थी। परन्तु वर्तमान में सुधार है। उत्पादन केंद्रो पर ग्रे कपड़ों का उत्पादन बढ़ रहा है। रेयॉन एवं कॉटन कपड़ों के साथ डॉबी डिजाइनों पर तेजी है। स्थिर कॉटन यार्न से सूती ग्रे के भाव स्थिर है। 50 पीसी 80/76 का भाव 21.50 रू है। 45 पीवी 80/76 का भाव 26.50 - 27 रू है। सूती शीटिंग ग्रे 20/20, 56/60 का भाव 45 रू है। सूती मलमल और कैम्ब्रिक के भाव स्थिर और माल का उठाव अपेक्षा से कम है। पोलिस्टर ट्वील में ग्राहकी है। लेडीज सूट और दुपट्टा की भिवंडी की इस वेराइटी की माँग सूरत में है। 2/40 3100 पोलिएस्टर ट्वील 150 ग्राम क्वालिटी प्रिंटेड कपड़ा का भाव 80 - 85 रू है। पहले यह रेयॉन में बनती थी तब इसका भाव 125 रू होता था।



## Yarn Rate+GST

**यार्न रेट्स** 20 सितम्बर, 2023



### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 225 |
| 2/18 Dyed | 185 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/30 Frosted | 225 |
| 2/30 Dyed Slub | 260 |
| 2/30 School Dress Clourer | 225 |

### R.T.M

PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 220 |
| 2/40 Dyed | 265 |
| 2/30 Frosted | 218 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 185 |

### SRM Spinners

Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 160 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 175 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 165 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 185 |
| 1/15 Poly Black | 115 |
| 20 PV Black | 154 |
| 15 PV Black | 151 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN

Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 115-148 |
| 150 Roto Black | 116-155 |
| 150 Roto Bright | 125-150 |
| 150/250 Grey | 127-162 |
| 150/250 Dyed | 145-177 |
| 150 Fdy | 135 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 132 |
| 2/40 POLY | 185 |
| 2/15 Poly Grey | 126 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 125 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 56-95 |
| 6 CONE | 83-145 |
| 10 CONE | 87-139 |
| 2/4 CONE | 87-165 |
| 2/6 CONE | 87-160 |
| 2/8 CONE | 91-165 |
| 2/10 CONE | 109-222 |
| 2/20 CONE | 200-262 |
| 2/30 CONE | 281-392 |
| 2/40 CONE | 282-359 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 185 |
| 15 CONE | 190 |
| 20 CONE | 188 |
| 2/15 CONE | 200 |
| 2/40 CONE | 239 |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey | 166 |
| 2/24 Poly Grey | 170 |
| 2/30 Poly Gray | 179 |
| 2/40 Poly Grey | 205 |
| 2/60 Poly Gray | 269 |
| 2/76 Poly Gray | 330 |
| 2/30 PV Black | 230 |
| 2/40 PV Black | 268 |
| 2/30 PV HD Dyed | 240 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 164 |
| 1/20 P/V | ..... |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 130 |
| **Triveni** | |
| 2/40 PV | 210 |
| 2/30 PV | 184 |
| Mahabir | |
| 15 PV | 150 |
| 20 PV | 155 |

**Inclusive of 12 % GST**

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

**Fancy Yarn Per Kg**

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 211 |
| 2/60 PVT | 278 |
| 2/60 Polyster | 228 |
| 2/80 PC Combed | 360 |
| 2/76 Polyster | 278 |
| 2/60 P.V. | 278 |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 197+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 186+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### PAWAN ENTERPISES

9414111656

| | |
|---|---|
| Triveni Spinning | |
| 1/15 polyster Grey | 130.00 |
| 2/20 polyster Grey | 145.00 |
| 1/15 PV Grey Mill TFO | 147.00 |
| 2/18 Pv Black 70/30 | 162.00 |
| 2/30 Pv Black 70/30 | 180.00 |
| 1/15 Pv Black70/30 Mill T. | 150.00 |
| 1/30 Pv Black70/30 Mill T. | 170.00 |
| 2/30Pv Black70/30 Mill T. | 188.00 |
| 2/40Pv Black70/30 Mill T. | 225.00 |
| **Dev Shree** | |
| 1/09 100 % Poly B. Atocone | 106.00 |
| 2/18 100% Poly B. TFO | 126.00 |
| 2/30 100% Poly Black | 146.00 |
| 2/30 % poly dyeds | 205.00 |
| 1/30% poly dyeds | 185.00 |
| 1/30 % poly Black | 143.00 |
| 1/15 % poly Grey | 121.00 |
| 1/30% poly Grey | 135.00 |
| **SIDH SHILA (SOUTH)** | |
| 12/18 pv 85/15 Black | 140 |

### Kishangarh Yarn Bazar

PH. 98297-21313

JAGDISH KOTHIWAL
CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 520 |
| 20 Patiyala ND | 556 |
| 20 Patiyala Silver | 173 |
| 20s Puja viscous | 558 |
| 16s cottspin | 500 |
| 20s Shri Mahadav | 556 |
| 23 JS Viscous | 543 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 500 |
| 20 OM Thread | 541 |
| 20 JS | 543 |
| 23 JS | 595 |
| 10 ARI | 88+GST |

GST Paid

### Raghav Group

M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 177 |
| 1/14 OE | 193 |
| 1/16 OE | 196 |
| 1/20 OE | 217 |
| 30 KW | 265 |
| 30 CW | 282 |
| 2/40 CW ELLY | 280 |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 140+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 133+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 128+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 232+GST |
| 2/18 P/V Black | 181+GST |
| 2/30 P/V Black | 234+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 179 |
| 7 OE | 181 |
| 10 OE | 187 |
| 10 Lycra | 265 |
| 10 Slub Lycra | 285 |

### HIND SYNTEX LTD.

PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |

टेक्सटाइल वर्ल्ड

समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।

MOBILE 9468835188
417, 4th FLOOR,
COMMERCIAL MALL,
GOVINDAM,
OLD RTO ROAD,
BHILWARA-311001,

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.

PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv yarn** | |
| 2/60 pv | 270 |
| 2/40 pv | 194 |
| 2/30 pv | 173 |
| 2/24 pv | 168 |
| 2/20 pv | 164 |
| 2/18 pv | 162 |
| 2/15 pv | 159 |
| 20 pv | 153 |
| 15 pv | 148 |
| 10 pv | 147 |
| **POLY YARN** | |
| 2/40 poly | 175 |
| 2/30 poly | 154 |
| 2/24 poly | 150 |
| 2/20 poly | 144 |
| 2/15 | 140 |
| 15 | 131 |
| 10 | 127 |
| **RECYCLED POLY** | |
| 2/40 Poly | 156 |
| 2/30 Poly | 163 |
| 2/20 Poly | 127 |
| 2/15 | 123 |
| 15 poly (Nahar) | 116 |
| 15 poly (Krisna) | 112 |
| **100% poly black yarn** | |
| 2/30 pv | 170 |
| 2/30 poly | 146 |
| 15 poly | 115 |
| 2/18 1167. | 124 |
| 2/18 016 | 163 |
| **PC yarn 65:35** | |
| 2/40 | 216 |
| 2/30 | 197 |
| 14 pc oe 65/35 | 126 |
| **Slub Yarn Magic** | |
| 2/48 | 164 |
| 2/45 | 161 |
| Pvt Yarn | |
| 2/32 pvt | |
| 2/32 pt | |
| 2/28 pt&pvt | |

Now Start Production
**Formosa**

65/35 Blend
2/40 pv
2/30 pv

Please contact us for any enquiry

**Bhavit Jain : Mob. 99292-13144**

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

## सदस्यता फॉर्म

टेक्सटाइल वर्ल्ड
SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:- क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ-साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है। यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

AXIS BANK
Textile World
Axis bank, Bhilwara
A/c no. 911020040072253
Ifs code - UTIB0000241

कोरियर द्वारा पांच वर्ष की सदस्यता पर ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्टरी फ्री

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 500 |
| 2 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 72 | रू. 1000 |
| 5 वर्ष | ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री | 120 | रू. 2500 |

हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ..........

कम्पनी/फर्म का नाम : ..........

पता : ..........

..........पिन कोड नं. ..........

मोबाइल नं..........फोन नं..........

केटेगरी: ☐ निर्माता ☐ प्रोसेसर ☐ स्पिनर ☐ निर्यातक ☐ आयातक ☐ एजेण्ट ☐ डीलर ☐ होलसेलर ☐ रिटेलर ☐ डिजाइनर ☐ कंसल्टेंट ☐ इंस्टीट्यूट ☐ अन्य ..........

डीलिंग: ☐ सूटिंग ☐ शर्टिंग ☐ साड़ी ☐ ड्रेस मटीरियल ☐ रेडिमेड गारमेण्ट ☐ होजयरी ☐ मशीनरी ☐ केमिकल ☐ यार्न ☐ पैकेजिंग मटीरियल ☐ होम फर्निशिंग ☐ अन्य ..........


सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. .......... दिनांक .......... रु. .......... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org

भूल ना जाना ०३०

RISHAB WORLD



# रानी अब्बाका चोवटा

(१५२५-१५७०)

**दक्षिणी कर्नाटक में उल्लाल** की **निडर रानी**, जिन्होंने जिन्होंने **माइटी पोरटोगूस** से अपने राज्य की सुरक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया।

वह पूर्व भारत की प्रथम महिला थी, जिसमें उपनिवेश के विरुद्ध युद्ध किया। इस प्रकार वे **भारत की स्वतंत्रता की पहली महिला योद्धा** बनी।

सांवले रंग व तीखे नाक नक्श वाली यह **रानी चोवटा डिनास्टी** की थी, जिस ने कर्नाटक के कोस्टल भाग पर 12वीं से 18 वीं सदी के बीच राज किया।

**चोवटा** ने **दिगंबर जैन संप्रदाय** का अनुगमन किया, जिससे **उलाल** के लिए **अब्बका** की ताजपोशी हुई और उसका विवाह मंगलौर के शासक **लक्ष्मप्पा अरासा बंगा** के साथ हुआ।

यह विवाह अधिक समय पोरतगुस की अधिक मांग के कारण नहीं चला। फलस्वरूप पोरतगुस ने **रानी एबक्का** पर आक्रमण कर दिया, जिसमें वह मारी गई और शासन का अंत हो गया।

**तुलु नाडु** में इस **रानी** को वहां की क्षेत्रीय गीतों में याद किया जाता है, जिसमें उसकी **वीरता** और **उत्सर्ग** का वर्णन होता है।






स्पष्टता के लिए डोनियर का बयान

# डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने फ्रेंच क्राउन में निवेश की अटकलों का खंडन किया

**मुंबई**

भारत के अग्रणी लाइफस्टाइल और फैशन हाउस डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने फ्रेंच क्राउन में निवेश के लिए बातचीत की खबरों का खंडन किया है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि वह ऐसी किसी बातचीत में शामिल नहीं है। हाल की मीडिया अटकलों में दावा किया गया है कि डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड फ्रेंच क्राउन में 30 करोड़ का निवेश करने के लिए तैयार है। कंपनी ने इस मामले को संबोधित करने के लिए एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है, 'हम फ्रेंच क्राउन में निवेश की हालिया रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं और स्पष्ट करना चाहते हैं कि हम ऐसी किसी भी चर्चा में शामिल नहीं हैं।' ये रिपोर्ट फ्रेंच क्राउन की पीआर टीम द्वारा जारी की गई, और हमें इसके कारण हुए किसी भी भ्रम के लिए खेद है। डोनियर ग्रुप ने हमेशा अपने सभी व्यापारिक सौदों में पारदर्शिता, अखंडता और व्यावसायिकता के मूल्यों को बरकरार रखा है, और हालिया मीडिया रिपोर्टों पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए यह बयान जारी करना आवश्यक है। हम अपने हितधारकों को सही और सटीक जानकारी प्रदान करने के महत्व को समझते हैं, खासकर जब यह सार्वजनिक हित के मामलों से संबंधित हो। जो भी गलत सूचना उत्पन्न हुई है, उसे सुधारने के लिए हम सक्रिय कदम उठा रहे हैं।

**डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

# आर. डी. टेक्सटाइल एवं सालासर मार्केटिंग ने किया मल्टी ब्राण्ड रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**जयपुर**

स्थानीय मंडी में सूटिंग-शर्टिंग के प्रमुख होलसेल डीलर आर.डी. टेक्सटाइल एवं सालासर मार्केटिंग द्वारा 16 सितंबर 2023 को मल्टी ब्राण्ड रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। संस्थान के संचालक श्री सीताराम गोयल ने बताया कि एम.आई. रोड़ स्थित होटल गोल्डन ट्यूलिप एसेंशियल में एक दिवसीय रिटेल सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें मेंसवियर, फैब्रिक ब्राण्ड्स डोनियर, मयूर, कृपलोन आदि की रिटेल बुकिंग की गई।

कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के सभी क्षेत्रों से रिटेल व्यापारियों ने शिरकत की। कॉन्फ्रेंस में आगामी फेस्टिव, वेडिंग एवं विंटर सीजन के लिए लेटेस्ट फैब्रिक कलेक्शन पेश किए गए। व्यापारियों ने विभिन्न तरह की आकर्षक स्कीम्स का लाभ उठाते हुए अच्छी बुकिंग करवाई है। इस अवसर पर डोनियर ब्राण्ड के राजस्थान एजेंट श्री अनीष माथुर तथा डोनियर के रिजनल सेल्स मैनेजर श्री बुद्धि प्रकाश जैन एवं सेल्स टीम उपस्थित थी।

# आगामी सीजन की तैयारी में व्यापारी वर्ग

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

ऑफ सीजन के चलते बाजार में रोनक कम है। छुटपुट ग्राहकी के अलावा वस्त्र बाजार में दिनभर हलचल कम रहती है। करीब एक माह बाद सबसे बड़ा 'दीपावली सीजन' शुरु होने वाला है। उसी को मद्देनजर रखते हुए स्थानीय व्यापारी तैयारी में लगे हैं। आमतौर पर रक्षाबन्धन के बाद से हीं वस्त्र व्यापारी आने वाले सीजन की तैयारी में लग जाते है। प्रतिष्ठान में बदलाव, रिपेरिंग, रंगरोसन नया प्रतिष्ठान, पुराना स्टॉक क्लियर और कई ऐसे कार्य हैं जो सीजन से पहले व्यापारियों को करने पड़ते हैं। वस्त्र व्यापारियों का खास ध्यान इस पर भी रहता है कि फैशन में क्या बदलाव हुआ और अब लोगों की क्या डिमाण्ड रहने वाली है तथा माल मंगवाया जाय की लोगों को पसन्द आए। ये सभी रूपरेखा वस्त्र व्यापारी इस आने वाले सीजन से पूर्व तय करने में लगे हुए हैं। सूत्रों की माने तो आने वाला सीजन वस्त्र विक्रेताओं के लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

# दो माह सावन होने पर भी गारमेन्ट्स व होलसेलर्स की बिक्री मंद

**संजय पोद्दार / मुजफ्फरपुर**

इस बार पूर्व में बीते लग्न की बिक्री से व्यापारीयों को निराशा ही हाथ लगी। संयोग से कुछ वर्षो बाद दो माह का सावन होने के बावजूद रेडीमेड गारमेन्ट्स एवं होलसेलर व्यापारियों की बिक्री संतोषजनक नहीं थी। परन्तु 'बाबा' की असीम कृपा से कई सामाजिक संस्था के द्वारा पटना-पहलेजाघाट रोड़ में स्वयंसेवको एवं मारवाड़ी यूवा मंच बोलबंम सेवा समिति, मारवाड़ी सेवा समिति और भी कई सामाजिक संस्थाओ के माध्यम से कावड़ियों की भरपूर सेवा भोजन, पानी, नास्ता, स्वास्थ सम्बंधित मेडीसन और भी कई तरह की सेवाओं से पूर्ण सहयोग किया गया। सावन माह बितने के पश्चात् रक्षाबंधन की कुछ बिक्री रिटेलरो द्वारा अवश्य देखी गई, जिससे कुछ राहत मिली अभी रक्षाबंधन के बाद तीज की बिक्री शुरू हो चुकी है। बिहार में तीज महोत्सव की पूजा महिलाओं द्वारा बहुत ही धूमधाम से 18 सितंबर 2023 को मनाई जाएगी बाजार में होलसेलरो के द्वारा तीज की बिक्री भी देखी जा सकती है। साकेत सिथेटिक्स द्वारा दो दिवसीय व्यापारिक मेले का आयोजन अगस्त माह में कुछ होलसेलरों के द्वारा डिस्प्ले बुकिंग के माध्यम से सेल कॉन्फ्रेंस का प्रोग्राम किया गया, जिसमें कई एजेन्टों द्वारा सेल कॉन्फ्रेंस कर होलेसलरों के बीच माल की बिक्री की गयी। 6 व 7 दिसंबर को मुजफ्फरपुर के एक बड़े व्यवसायी 'साकेत सिंथेटिक्स' के द्वारा भी नॉर्थ बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स में दो दिन के व्यापारिक मेले का आयोजन किया गया, जिसको काफी सफलता मिली। दशहरा, दीपावली, छठ पूजा आगे की बिक्री के लिए होलसेलर दिसावर जो मुंबई, सूरत, अहमदाबाद आदि जगह जाकर सेल करने की चेष्टा कर रहे हैं। दिनांक 22 सितम्बर 2023 को मुजफ्फरपुर की संस्था श्री श्याम मित्र परिवार के द्वारा 'खाटू श्याम निशान शोभा यात्रा', जो मुजफ्फरपुर से खाटू धाम तक जाएगी उसकी तैयारीयाँ जोर-शोर से चल रही है। बाबा की कृपा से लगभग 50 श्याम प्रेमी इस यात्रा में शामिल होंगे।

# एथनिक इंडिया के पहले आउटलेट का शुभारम्भ








Ethnic India
- Dil Se Traditional



**मुंबई**

प्रतिष्ठित एथनिक वीयर ब्राण्ड एथनिक इंडिया ने मुंबई के सांताक्रूज पश्चिम में अपना पहला रिटेल आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया।

कम्पनी के डायरेक्टर श्री रमेश मखारिया ने बताया कि एथनिक इण्डिया के अंतर्गत एक ही छत के नीचे ग्राहक को एथनिक ड्रेस की पूरी रेंज इस आउटलेट में मिलेगी। एथनिक इण्डिया कि रेंज में जैकेट, बंडी, सूट, कुर्ता, शेरवानी, साड़ी, सलवार सूट, दुपट्टे, सहित सभी वस्त्र शामिल हैं, जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं।

इसमें रेडीमेड गारमेंट और अनस्ट्रीच्ड फैब्रिक पीस पैकिंग भी शामिल हैं। यह ट्रेडिशनल ड्रेस का एक शोरूम है। यह सिर्फ स्टोर ही नहीं है बल्कि एथनिक वस्त्रों के शिल्पकारों और तकनीकियों की मेहनत का प्रमाण है। एथनिक इंडिया के डिजाइनर वीयर आउटलेट में मेन्स एवं किड्स के कुर्ता पायजामा और जैकेट्स का शानदार कलेक्शन देखने को मिलेगा। इसमें सिल्क, आर्ट सिल्क, रॉ सिल्क, प्योर सिल्क, फैंसी फैब्रिक, लिनन, कॉटन ब्लेंड आदि वैरायटी के फैब्रिक बेस से कुर्ता एवं जैकेट की रेंज तैयार की गयी है। इनकी एमआरपी 1700 रुपए (मेंस) और 1200 रुपए (किड्स) से शुरू होता है। इस आउटलेट में आने वाले सभी ग्राहकों को यह कलेक्शन जरूर लुभाएगा। इस पहले स्टोर आउटलेट में कम्पनी श्रृंखला खोलने का इरादा रखती है। इसके अनेक स्टोर मुंबई व भारत के अन्य शहरों में खोले जाएंगे।

यह आउटलैट टेक्सटाइल सेक्टर में सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। खुदरा उद्योग को विस्तारित करने का प्रयास है। यह परिवार के कुछ युवाओं के समर्पण का प्रतीक है। एथनिक इंडिया ग्लोबल रिटेल प्रा. लि. की हेड कानन झुनझुनवाला हैं जिनकी देखरेख में पूरी टीम कार्य करती है। इन एंटरप्रिन्यूयर्स को श्री रवि झुनझुनवाला और श्री रमेश माखरीया का मार्गदर्शन प्राप्त है। श्री रवि झुनझुनवाला और श्री रमेश माखरीया ने मिलकर सन् 1994 में सिल्क इंडिया की शुरुआत की। यह आज भारत का फेमस ब्रांड है। इन्होंने पारंपरिक पहनावे में बदलाव किया। उसे फैशनेबल और नवीनतम डिजाइन्स देकर उसकी वैल्यू एडिशन की। जिससे ग्राहकों ने सर्वाधिक पसंद किया। इससे कंपनी आगे बढ़ी और आज इस मुकाम पर है। एथनिक इंडिया ने एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू करने का कार्य आज सांताक्रूज से आरंभ किया। यह 2nd, ग्राउंड फ्लोर, राजहंस ओटियम, एस वी रोड, सांताक्रूज पश्चिम मुंबई में स्थित है। यह सांताक्रूज पश्चिम में एस वी रोड और स्टेशन रोड के कॉर्नर पर स्थित है। यह सांताक्रूज रेलवे स्टेशन से मात्र पाँच मिनट वॉकिंग डिस्टैंस पर स्थित है। एथनिक इंडिया का इरादा है कि, हर 15 दिन में एक नया स्टोर लॉन्च करेंगी, जिससे एथनिक इंडिया आगामी आगामी 3 वर्षों में महानगरों और प्रमुख नगरो में विस्तार करना है।

Postal Registration No BHILWARA/208/2021-2023 RNI Registration No. 71772/98










# यार्न की मांग बढ़ी लेकिन कॉटन एवं सिंथेटिक यार्न की कीमत बढ़ने की आशंका

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कॉटन यार्न की मांग थोड़ी बढ़ी है। कपड़ों के उत्पादन में सुधार होने से कॉटन यार्न तथा सिंथेटिक यार्न सहित पीवी एवं पीसी जैसे यार्न की मांग में आंशिक सुधार देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि कॉटन यार्न के भाव में स्थिरता रही तो मांग भी बढ़ सकती है और कॉटन यार्न का उत्पादन भी बढ़ सकता है। लेकिन सिंथेटिक और कॉटन यार्न दोनों के भाव बढ़ने के आसार नजर आने लगे है। रूई के भाव बढ़ने शुरू हो गए है और यह 57-58 हजार को पार कर 62 हजार रू को छू रही है। तो क्रूड तेल का उत्पादन घट जाने के बाद पेट्रो प्रोडक्ट की लागत में फेरबदल होने से टेक्सच्राइज्ड यार्न की विभिन्न वेराइटी की लागत पर सीधा असर होगा और भाव बढ़ सकते है।

एक समय था जब साउथ से उत्तर तक स्पिनिंग मिलों ने कॉटन यार्न का उत्पादन करना या तो बंद कर दिया था अथवा अपनी स्थापित क्षमता से कम उत्पादन कर रही थी। तब मिलों की हालत बहुत अच्छी नहीं थी और यार्न की मांग भी कमजोर थी। साथ ही उस दौरान निर्यात में मीलों को कुछ हासिल नहीं हो रहा था। इसका कारण कि रूई का भाव इतना अधिक बढ़ा था कि उस भाव पर यार्न का उत्पादन करना और उसे बाजार में बेंचने में मीलों को बड़ी कठिनाई हो रही थी।

शेषांश पृष्ठ 8 पर...










स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**


SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र
presents
8-9
January
2024
Uniworld
3rd Edition
UNIFORM & GARMENT
FABRIC EXPO
Bengaluru
at Princess Golf
FOR MORE INQUIRY : 80035 96092 | 80056 60394
ORGANIZER
SSS Media
Publications Pvt. Ltd.
In Association with


Sangam® SUITINGS
YOU ARE WHAT YOU WEAR
Value through values
spunshades
SANGAM (INDIA) LTD. Atun,
Chittorgarh Road, BHILWARA - 311001 (Raj.) India
E-mail : coordinationsales@sangamgroup.com, Visit us at www.sangamgroup.com, Phone: +91-1482-245500


RISHAB WORLD
Finest Fashion Fabrics
Kashida
कशीदा
کشیدہ
Heavenly pieces from Kashmir
D&J x NILESH • MITESH
www.donandjulio.com
DonandJulio
Don & Julio
Call at +91 93219 14004 or email at crm@rishabworld.com

# BURGOYNE tradeshow held in August 2023 at Malaysia turns out to be a huge success!










Langkawi/ WFB Baird & Company (India) Pvt. Ltd. recently held the Burgoyne tradeshow at Berjaya Langkawi Resort, set amidst a lush tropical rainforest and embracing boundless views of emerald waters and green-cushioned mountains. Langkawi, often called the Jewel of Kedah for its rich tourism, is one of Malaysia's best kept secrets, basking in the glistening turquoise waters of the Andaman Sea.

The tradeshow, held between $20^{th}$–$24^{th}$ August 2023, was inaugurated by company's Chairman Mr. James Baird along with the Directors Mr. Joshua Baird, Ms. Suchitra Menon (Director & CEO), Mr. Pradeep Kumar B (Director & COO) and Mr. Abhijit Ganguly (Director& Business Head-Domestic) in the presence of All-India dealers, agents & other company officials.

The tradeshow, which witnessed robust participation by all the Pan-India dealers and agents of Burgoyne, was also a time for starry celebrations as Burgoyne celebrated outstanding achievements in a special awards night. The awards ceremony was more than just a celebration of the nominees and winners, it was a celebration of the spirit of excellence, the power of passion and the willingness to push oneself beyond one's limits.

Burgoyne's latest range of premium linen fabric collections, featuring fashionable designs, prints and solids in a striking palette of colours were launched, keeping in view the upcoming festive season.

The tradeshow received a tremendous response, with channel partners across India coming together to make it a resounding success and a memorable experience for all attendees.

















DPsk
DEO PRYAAG SURESH KUMAR AND CO.
PRESENTS
FASHION FIESTA
2023
1 | October | 2023
VENUE :- RADISSON BLU, MOHADDIPUR
9415210175, 9415333387

Launching Soon In India
Worlds Most Luxurious 100% Giza & Linen Shirting Fabric
ITALY
M F
1913
ferno
www.ferno1913.com
Address :Manifattura di Ferno S R L. Via borgo santa Caterina nr 5824124 Bergamo (Lombardy), Italy.
email: info@ferno1913.com

# CMATA द्वारा FETA सीजन 7 का सफल आयोजन




**अहमदाबाद/ सत्य प्रकाश**

लेडीज गारमेंट्स एवं फैशन फैब्रिक्स निर्माताओं के प्रमुख संगठन दी क्लॉथिंग मैन्युफैक्चरर एंड ट्रेडर्स चेरिटेबल एसोसिएशन (CMATA) द्वारा एका क्लब में 4-5 सितंबर को लेडीज फैशन एग्जीबिशन FETA सीजन-7 का सफल आयोजन किया गया। जिसमें लेडीज फैशन गारमेंट्स निर्माताओं ने आकर्षक डिस्प्ले किया। अहमदाबाद, मुंबई, सूरत आदि मण्डियों के जाने माने ब्राण्ड्स ने इसमें एग्जिबिटर्स के रूप में भाग लिया। वहीं पूरे भारत से लेडीज फैशन परिधानों के व्यापारियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। CMATA प्रेसिडेंट श्री गिरीश कोठारी के नेतृत्व में सेक्रेटरी श्री दीपक वरलानी, ज्वाइंट सेक्रेटरी श्री रणजीत कुमार वाला सहित समस्त कमेटी मेंबर्स ने FETA-7 के सफल आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।

## लेडीज गारमेंट्स निर्माताओं ने किया भव्य डिस्प्ले






## आगामी सीजन की तैयारियों की दिखी झलक

एग्जीबिशन में सभी सप्लायर पार्टीज नई रेंज के साथ प्रस्तुत हुए। लेडीज सूट्स, कुर्तीज, एथनिक वियर्स सहित विभिन्न तरह के वेस्टर्न आउटफिट्स का आकर्षक प्रदर्शन किया। सभी एग्जिबिटर्स ने आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन की तैयारी स्वरूप शानदार डवलपमेंट्स पेश किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एग्जीबिशन सप्लायर्स को काफी अच्छी बुकिंग भी मिली।

# प्रकाश ट्रेडिंग भागलपुर की दो दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन







**भागलपुर/ रतन लाल पण्डित**

स्थानीय वस्त्र व्यवसाय पिछले माह प्रतिष्ठित होलसेल संस्थान प्रकाश ट्रेडिंग की दो दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। देवी बाबू धर्मशाला नया भवन भागलपुर में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में मुंबई, भीलवाड़ा एवं सूरत से तकरीबन 100 सप्लायर ने सूटिंग, शर्टिंग एवं साड़ी उत्पादों का डिस्प्ले किया।

फर्म के मुख्य प्रतिनिधि श्री प्रदीप चोखानी, श्री प्रमोद चोखानी एवं श्री प्रकाश चोखानी ने बताया कि आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में बिहार, झारखंड से लगभग 400 व्यापारियों ने शिरकत की और जमकर बुकिंग कराई। इस दौरान सत्य वचन साड़ी सूरत, कॉटन साड़ी गणगौर (मुंबई), और रेडीमेंट में कॉटन क्लब तथा भीलवाड़ा से श्रीयम सूटिंग के उत्पादों को व्यापारियों द्वारा खूब पसंद किया गया। इस आयोजन में एमपी फैब सूरत से श्री प्रदीप भाई, केसरी नंदन से श्री अंकित भाई, रायल लक्ष्मी से श्री मनोज भाई, वधू कॉटन साड़ी कोलकाता से श्री आयुष तथा अरुण टेक्सटाइल एजेंसी से श्री विष्णु, आयुष जी, सुनील कुमार जी धूलिया की उपस्थिति में आयोजन बेहद सफल रहा।






# BAIRD Cotton holds successful tradeshow in September 2023 at Kochi

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND ESTD. 1912





Kochi/ WFB Baird & Company (India) Pvt. Ltd. held its BAIRD Cotton tradeshow in the heart of Kochi in God's Own Country. The conference was attended by All-India channel partners of BAIRD Cotton.

The three-day conference, held between 5th to 7th September 2023 at the hotel Le Méridien, Kochi was inaugurated by company's Chairman Mr. James Baird along with Ms. Suchitra Menon (Director & CEO), Mr. Pradeep Kumar B (Director & COO) and Mr. Abhijit Ganguly (Director & Business Head-Domestic) in the presence of All-India dealers, agents & other company officials.

In the BAIRD Cotton tradeshow, the eight major collections of BAIRD Cotton Finest Giza Shirting i.e. San Frisco, St. Louis, Whites, Baird Whites, Turin, Cambridge, Florence and Petersburg were showcased.




The premium shirting fabric latest collection was highly appreciated for its extensive range of patterns and designs, from simple stripes to intricate geometric shapes and florals as well as the fascinating solid range available in a variety of colours, from subtle pastels to bold brights.

The BAIRD Cotton tradeshow turned out to be successful with its channel partners throughout the country coming together to be part of this tradeshow.



SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड

# Siyaram's ने "नई सोच नया जोश" से भरी उड़ान






गोवा/ भारतीय वस्त्र उद्योग के चहेता ब्रांड सियाराम्स ने अपनी आक्रामक रणनीति अपनाते हुए ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन गोवा के पाँच सितारा होटल हयात सेंट्रिक, नोवाटेल स्पा एंड रिसोर्ट में 30 जुलाई से 8 अगस्त एवं 9 से 16 अगस्त 2023 को होटल रियो रिसोर्ट गोवा में किया। सियाराम्स ने नई सोच नया जोश थीम के साथ फिर उड़ान भरी। इस अवसर पर कंपनी के ऑल इंडिया से लगभग सभी रिटेलर्स ने शिरकत करते हुए इस भव्य आयोजन में अपनी उपस्थिति से चार चांद लगाए। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ कंपनी के चेयरमैन एवं सीएमडी श्री रमेश पोद्दार, प्रेसिडेंट मार्केटिंग श्री अशोक टोरका, ऑल इंडिया से पधारे रिटेलर्स एवं कंपनी की संपूर्ण मार्केटिंग टीम की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।



**श्री रमेश पोद्दार, चेयरमैन एवं सीएमडी, सियाराम सिल्क मिल्स लिमिटेड**

इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी के चेयरमैन एवं सीएमडी श्री रमेश पोद्दार सभी व्यापारियों के साथ आपसी तालमेल बनाए हुए नजर आए। उन्होंने सभी व्यापारियों को इन सभी नये कलेक्शन पर चर्चा करते हुए समझाया की रिटेलर अपने बिजनेस मॉडल को कैसे और आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने सभी रिटेलर्स से सीधा जुड़ाव रखते हुए विस्तृत चर्चा भी की वह अपने प्रॉफिट को कैसे बढ़ा सकता है। उन्होंने रिटेलर्स को बताया कि जो माल आपकी दुकान पर ज्यादा बिकता है उसका स्टॉक ज्यादा होना चाहिए ताकि आपकी दुकान से कोई खाली नहीं जाए। हमें हर समय सही उत्पाद खरीदने पर ध्यान देना चाहिए जिससे हमारी सेल बढ़ जाएगी। हमें बाजार में घूमना चाहिए व्यापारियों से मिलते रहना चाहिए जिससे पता लगता है कि बाजार में नया ट्रेंड क्या चल रहा है। श्री पोद्दार की बातों ने सभी का मन जीत लिया सभी रिटेलर्स से रूबरू होते हुए पोद्दार जी ने सभी का धन्यवाद भी किया।

## रिटेलर्स से मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स

इस भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस में रिटेलर्स को सियाराम्स सूटिंग की विस्तृत रेंज देखने का मौका मिला। कंपनी द्वारा इस कॉन्फ्रेंस में अनेक कलेक्शन लॉञ्च किये और हर उपभोक्ता की चाहत पर खरा उतरते हुए उत्पादों को नए अंदाज में पेश किया। सियाराम्स ने सूटिंग की हर रेंज एवं कलेक्शन में नया डेवलपमेंट करते हुए अपने रिटेलर्स के समक्ष विस्तृत कलर चार्ट पेश करते हुए उन्हें बारीकि से सभी कलेक्शन की विशेषता बताई जिससे व्यापारियों को बुकिंग कराने पर विवश होना पड़ा।



## सूटिंग रेंज में नए कलेक्शन को मिली अपार सफलता

# सियाराम्स की ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने दिखाया जोश



### कॉन्फ्रेंस का मूल उद्देश्य...

श्री टोरका ने बताया कि इतनी भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस शायद ही किसी कंपनी द्वारा की गई, मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है की इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा सूटिंग-शर्टिंग के उत्पादों में अनेक वैरायटी, डिजाइंस तथा कलर रेंज का डिस्प्ले किया गया। कंपनी द्वारा इस कॉन्फ्रेंस डिस्प्ले की गई रेंज आने वाले समय के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। यह सभी रेंज इटालियन क्रिएटिविटी, स्टाइल प्रोडक्शन और अनेक विशेषताओं से ओतप्रोत है जो फैशन को एक नया रूप देता है। सियाराम्स द्वारा इस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न रंगों, डिजाइन और नए ट्रेंड के अनुसार रेंज डिस्प्ले की गई।

**Siyaram's**

**MARCONI**

ITALIAN FASHION

हमेशा कुछ नयापन एवं कुछ असाधारण चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए मारकोनी एक पावरफुल ब्रांड है, जो अपनी लग्जरी सूटिंग के लिए फेमस है। इसके पीवी, वूलन एवं टीआर रेंज बाजार में काफी पसंद की जा रही है इस रेंज में कंपनी के पास विस्तृत कलर चार्ट तथा विभिन्न डिजाइनें उपलब्ध है।





**Siyaram's**

**VITELLO**

*A Luxury TR Suiting*

कंपनी के प्रतिष्ठित ब्रांड मारकोनी में नया कलेक्शन लॉञ्च किया गया जो लग्जरी सूटिंग की रेंज है यह कलेक्शन गुणवत्ता के दृष्टिकोण से बहुत ही लाजवाब कलेक्शन है। इसकी फील एव फिनिश का कोई मुकाबला नहीं है। इसकी आराम देह डिजाइनों एवं रंगों ने सभी रिटेलर्स का मन मोह लिया। यह कलेक्शन आज के युवाओं को काफी लुभा रहा है।





**Siyaram's**

**COLE**

THE POWER OF BLACK

हर रंग समय के साथ पुराना और फीका पड़ जाता है, परंतु काला (जेड ब्लैक) जितना पुराना होगा उतना ही उसकी चमक और बढ़ जाती है यह हर रंग पर सूट करता है। किसी फैशन के अवसर को बनाते हुए सियाराम्स द्वारा इस रिटेल कॉन्फ्रेंस में Siyaram's Cole लॉञ्च किया इसकी रेंज रेशमी, मुलायमदार होने के साथ-साथ चमकदार भी है जिसे दिलचस्प तरीके के साथ बाजार में पेश किया गया। इसे पहनने पर हर व्यक्ति इसकी ओर आकृषित नजरों से देखता है जो आपके फैशन को बढ़ावा देने में सिद्ध होगा।







**Siyaram's**

**ROZETTI**

GET NOTICED

सियाराम्स हमेशा अविश्वसनीय गुणवत्ता वाले उत्पादों को पेश करने में आगे रहा है इसकी स्टाइल, गुणवत्ता एवं आरामदायक कलेक्शन उत्कृष्टता का परिणाम है। सियाराम्स Rozetti TR सुपर फाइन यार्न से निर्मित सूटिंग रेंज है। यह फैब्रिक तुर्की से आयात की जा रही है जो सुपर रिच फाइबर से उत्पादित की गई है। Rozetti TR अनेक विशेषताओं जैसे अत्यंत नरम और चिकना, हल्का, वूल फैब्रिक, चमकदार फिनिश से ओतप्रोत है इसकी बेहद आकर्षक सेल्वेज व्यापारियों को मंत्रमुग्ध करती है।





















**Siyaram's**

**ULTIMA**

By

MARCONI

ITALIAN FASHION

यह रेंज आरामदायक और स्टाइलिश सूट को दर्शाता है। मारकोनी ULTIMA कलेक्शन उन धागों से निर्मित किया गया है जो सामान्य से अधिक मोड़ा गया है जो सख्त एवं चिकनी फिनिश देता है यह सूट के लिए उपयोगी साबित होता है। इसकी चमकदार फिनिश उपभोक्ताओं को एक शानदार लुक एवं नया एहसास कराती है। ULTIMA कलेक्शन हाई ट्विस्ट यार्न से निर्मित किया गया है जो हल्का और टिकाऊ होता है जिससे फैब्रिक की गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहती है। इस फैब्रिक को हर मौसम में पहना जा सकता है।





**Siyaram's**

**HIGH VALUE DLX**

LIFE IN THE FAST LANE

यह फैब्रिक उच्च गुणवत्ता को दर्शाता है जो स्टाइल एवं आराम दोनों की गारंटी देता है। हाई वैल्यू कलेक्शन 80 से 20 के अनुपात बिजनेस मॉडल पर आधारित नया सूटिंग कलेक्शन है जो सभी रिटेल व्यापारियों के लिए अच्छा साबित हो रहा है इसकी बिक्री दिनों दिन बाजार में बढ़ती जा रही है।





**Siyaram's**

**SOS**

SOUL OF SIYARAM'S

इस रेंज की लगातार बाजार में मांग बनी हुई है चाहे कोई भी मौसम हो या अवसर विशेष, जो आपको एक फैशनेबल व्यक्ति बनाने में मदद करता है। इस नई रेंज को फैशन पसंद उपभोक्ताओं ने काफी सराहा है इसकी डिजाइनों ने सभी का मन जीता है यह सर्दियों में गर्म, गर्मी में ठंड का एहसास कराता है।





**Siyaram's**

**STRETCH-TR**

स्ट्रेच TR जो अत्यधिक आरामदायक फैब्रिक है। विशेष कर बिजनेस क्लास से लेकर कई विशेष अवसरों के लिए तैयार किया गया है यह रेशों एवं टेरी यार्न से मिश्रित फैब्रिक है जो कपड़े की स्टाइल, आराम एवं स्थानित्व की देखभाल करता है। यह फैब्रिक हर उपभोक्ता की जरूरत को पूरा करने में सहायक है। इस रेंज में ट्रेंडी ब्लेजर और स्ट्रेच सूटिंग फैब्रिक की काफी संभावनाएं आज भी मौजूद है।















# सियाराम्स शर्टिंग की गोवा में धूम

## ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने कराई भारी बुकिंग











**गोवा/** भारतीय वस्त्र उद्योग में शर्टिंग फैब्रिक्स का महत्व निरंतर बढ़ता जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सियाराम सिल्क मिल्स द्वारा ऑल इंडिया रिटेल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन 30 जुलाई से 8 अगस्त गोवा के हयात सेंट्रिक व नोवाटेल स्पा एण्ड रिसोर्ट एवं 9 से 16 अगस्त 2023 को होटल रियो रिसोर्ट गोवा में शर्टिंग फैब्रिक्स का भव्य डिस्प्ले किया गया। जिसमें शर्टिंग फैब्रिक्स की अनेक क्वालिटीयों, डिजाइनों, विविध कलर चार्ट में तैयार कर प्रस्तुत किया गया। कंपनी सूत्रों ने बताया कि सियाराम्स ने अपने प्रतिष्ठित शर्टिंग ब्राण्ड सियाराम्स एक्लेम व विक्ट्री जो प्रीमियम शर्टिंग और सियाराम्स स्पिरिट जो शत-प्रतिशत कॉटन शर्टिंग के लिए भारतीय वस्त्र बाजार में काफी लोकप्रिय है। इन ब्राण्ड में कंपनी द्वारा अनेक नई-नई वैरायटीयों, डिजाइनों तथा पैटर्न का नया कलेक्शन इस कॉन्फ्रेंस में पेश किया गया जिसे देखकर रिटेलर्स मंत्रमुग्ध हो गए।

**बाम्बू शर्टिंग फैब्रिक्स...** सियाराम सिल्क मिल्स ने कॉन्फ्रेंस में अपने नए कलेक्शन Evita बाम्बू शर्टिंग को पेश किया, जो बांस के रेशों से निर्मित किया गया फैब्रिक है। यह स्टाइल, स्ट्रक्चर, फिलफॉल, डिजाइन व लस्टर के साथ आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। यह फैब्रिक आपको सर्दी में गर्म व गर्मी में ठंडा एहसास दिलाएगी। यह फैब्रिक बहुत सिल्की होने के साथ-साथ आपको हमेशा दुर्गंधमुक्त और तरोताजा रखती है। कंपनी द्वारा इस कॉन्फ्रेंस में Evita बाम्बू शर्टिंग का भव्य डिस्प्ले किया गया जहाँ प्लेन, चेक्स, डोबीज, सेल्फ आदि डिजाइनों के अंतर्गत 30 से 40 कलर चार्ट तैयार किए गए जो व्यापारियों को बहुत पसंद आए।

**सोलिड कलर रेंज...** कंपनी ने इस कॉन्फ्रेंस में शर्टिंग फैब्रिक्स की विस्तृत कलर रेंज पेश की जिनके कलर चार्ट काफी सुंदरता लिए हुए थे। जिसे देखकर व्यापारियों को शर्टिंग फैब्रिक्स की एक उत्कृष्ट शृंखला अपनी दुकान में रखने का अनुभव प्राप्त होगा।

**चैक्स रेंज...** शर्टिंग फैब्रिक्स की डिजाइनों में चैक्स रेंज बाजार में बहुत चल रही है जो समय के साथ निरंतर आगे बढ़ती जा रही है। सियाराम्स ने शर्टिंग रेंज में चैक्स की डिजाइनो में काफी कलर चार्ट तैयार किए हैं जो कैजुअल, आरामदायक, चमकदार होने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के मन को लुभाने वाले थे।

**स्ट्राइप्स कलेक्शन...** सियाराम्स द्वारा शर्टिंग फैब्रिक्स में स्ट्राइप्स कलेक्शन को इस कॉन्फ्रेंस में अच्छा प्रतिसाद मिला। इस रेंज की डिजाइनों को रिटेलर्स द्वारा अच्छा समर्थन मिला।





































